CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 6 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 22 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल सरकार के कई बड़े फैसले : प्रदेश में बनेंगे हवाई जहाज, होंगे चीप डिजाइन और हाईटेक निवेश बढ़ेगा

## डिस्टर्ब एरियाज बिल 2026, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी 2025 का अनुमोदन जैसे कई बड़े निर्णय कैबिनेट की बैठक में हुए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई बैठक में एक बार फिर से प्रदेश सरकार ने कई बड़े ऐतिहासिक निर्णय और फैसले लिए हैं जो प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में काफी सहायक साबित होंगे प्रदेश में आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सूत्र शुरू होने वाला है और 11 फरवरी को राजस्थान विधानसभा में प्रदेश का बजट भी प्रस्तुत हो सकता है इसलिए आगामी बजट सत्र से पहले बुधवार को आयोजित हुई भजनलाल सरकार की कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के विकास को गति देने और प्रदेश में अल्पसंख्यक लोगों के पलायन को रोकने के लिए नए बिल डिस्टर्ब एरियाज एक्ट को भी मंजूरी दी गई है जानकारी के अनुसार बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अशांत क्षेत्र में किरायेदारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए बिल लाने, एयरोस्पेस एवं रक्षा विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में नई नीतियों के अनुमोदन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं । बैठक के बाद मंत्री जोगाराम पटेल और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके कैबिनेट की बैठक में जो फैसले हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी मंत्रियों ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही एयरोस्पेस और डिफेंस पॉलिसी लागू की जाएगी राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971 में संशोधनः राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971 में किसी भी प्रकार से बाल विवाह में भाग लेने उसकी संविदा करने अथवा स्वयं बाल विवाह करने वाले सरकारी कर्मचारियों को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए उत्तरदाई कराया गया है इस नियम में बाल विवाह का अर्थ अब बाल विवाह निरोधक अधिनियम 2006 के अनुरूप माना जाएगा इस अधिनियम में बालक की परिभाषा 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष तथा 18 वर्ष से कम आयु की महिला के रूप में निर्धारित की गई है ।



## अशांत क्षेत्र में स्थाई निवासियों की संपत्तियों और किराएदारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए बिल

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में डी राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर आफ इमूवेबल प्रॉपर्टी और प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ टेनेंट्स फॉर्म एकिवकसन फ्रॉम प्रेमिसेस में डिस्टर्ब एरियाज बिल 2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई है देखा जा रहा है कि राज्य के कई क्षेत्रों में जनसंख्या असंतुलन की स्थिति बनने से सार्वजनिक व्यवस्था सद्भाव और मेलजोल से रहने के सामुदायिक चरित्र पर प्रभाव पड़ रहा है जिससे उस क्षेत्र में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र के स्थाई निवासियों को अपनी संपत्तियों कम कीमत पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है इस विधि के पारित होने के बाद राज्य में अशांत क्षेत्र में स्थाई निवासियों की संपत्तियों और उक्त संपत्तियों पर किरायेदारों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया जा सकेगा और राज्य में सामुदायिक सद्भावना एवं सामाजिक संरचना कायम रखी जा सकेगी इस विधेयक को अब विधानसभा के आगामी सत्र में रखा जाएगा ।

ग्रीन इंसेंटिव स्किल और ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट तथा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी क्रिएशन इंसेंटिव जैसे प्रावधान इस नीति को और अधिक आकर्षक बनाते हैं उम्मीद है कि राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी 2025 से राज्य में एयर फोर्स और डिफेंस सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा कुछ तकनीक आधारित उद्योग स्थापित होंगे और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार के नए अवसर सुरक्षित होंगे ।

## ऊर्जा परियोजनाओं को भूमि आवंटन की स्वीकृति

प्रदेश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बीकानेर जिले की बीकानेर तहसील के ग्राम लाखासुर में 72.06 हेक्टर भूमि और जैसलमेर जिले की उपनिवेशन तहसील रामगढ़ नंबर 2 के ग्राम रामगढ़ उत्तर में 745. 41 हेक्टर भूमि शर्तों के साथ कीमतें आवंटित करने की स्वीकृति मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई इन निर्णों से राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी और आमजन को सम विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी ।

## राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी 2025

बुधवार को आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी 2025 का भी अनुमोदन किया गया यह नीति प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयर फोर्स और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण हब बनाने की दिशा में सहायक होगी इस क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ एमएसएमई स्टार्टअप और नवाचार आधारित इकोसिस्टम के विकास पर केंद्रित यह नीति आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी इस नीति के अंतर्गत प्रदेश में एयरोस्पेस एंड डिफेंस क्षेत्र के भी निर्माण उद्योगों, उपकरण और घटक निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रेसीजन इंजीनियरिंग इकाइयों और मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग से जुड़ी इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा इस नीति के अंतर्गत विनिर्माण परियोजनाओं के लिए न्यूनतम 50 करोड रुपए से 300 करोड रुपए तक अचल पूंजी निवेश को लार्ज, 300 करोड़ से 1000 करोड़ को मेगा और 1000 करोड रुपए से अधिक को अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं की श्रेणी में रखा जाएगा सर्विस सेक्टर के लिए 25 करोड़ से 100 करोड रुपए तक अचल पूंजी निवेश वाली परियोजनाएं लार्ज, 100 करोड़ से ढाई सौ करोड रुपए तक मेगा और ढाई सौ करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को अल्ट्रा मेगा की श्रेणी में रखा जाएगा नीति के तहत इन ए और डी पार्कों में लगने वाले पात्र एयरोस्पेस एंड डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और सेवा उद्योगों को एसेट क्रिएशन इंसेंटिव के रूप में 7 वर्षों तक राज्य कर के 75 प्रतिशत पुनर्भरण के निवेश अनुदान, विनिर्माण उद्योगों के लिए 20 से 28 प्रतिशत और सर्विस सेक्टर के 14 से 20 प्रतिशत तक 10 वर्षों में वितरित पूंजीगत अनुदान अथवा 10 वर्षों तक वार्षिक किस्तों में जारी 1.2 प्रतिशत से दो प्रतिशत तक टर्नओवर लिंक्ड प्रोत्साहन में से किसी एक विकल्प का चयन करने की सुविधा दी जाएगी इसके अतिरिक्त इन प्रोत्साहनों पर टॉप अप के रूप में 10 से 15 प्रतिशत एम्प्लीमेंटबूस्टर, पहली तीन मेगा अथवा अल्ट्रा मेगा इकाइयों के लिए 25 प्रतिशत सनराइज बूस्टर, 10 प्रतिशत एंकर बूस्टर, 20 प्रतिशत थ्रस्ट बूस्टर जैसे लाभ भी प्रदान किया जायेगे रीको से भूमि लेने वाले मेगा, अल्ट्रा मेगा विनिर्माण उद्योगों को 10 वर्षों तक फ्लैक्सिबल लैंड पेमेंट और 5 वर्षों के लिए 25 प्रतिशत ऑफिस स्पेस हेतु लीज रेंटल सब्सिडी का लाभ भी दिया जाएगा पॉलिसी में विशेष इंसेंटिव का भी प्रावधान किया गया है जिनमें बैंकिंग, वे हीलिंग और ट्रांसमिशन चार्ज में छूट, फ्लैक्सिबल लैंड पेमेंट मॉडल, ऑफिस स्पेस लीज रेंटल सब्सिडी जैसे प्रावधान तथा कैपटिव पावर प्लांट में भी किए गए निवेश का 51 प्रतिशत पात्र स्थाई पूंजीगत निवेश में शामिल करना शामिल है ।

## राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी2025

प्रदेश की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025 को बुधवार को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई यह नीति राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजाइन, पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है इस नीति का प्रमुख उद्देश्य सेमीकंडक्टर और सेंसर के क्षेत्र में एंकर निवेश को आकर्षित करना, विश्व स्तरीय सेमीकंडक्टर पार्कों का विकास करना तथा फेबुलोस डिजाइन पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत बनाना है इसके साथ ही सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और कौशल संवर्धन रिसर्च तथा डेवलपमेंट तथा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को भी इस नीति के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा नीति के अंतर्गत सेमीकंडक्टर पार्कों में अक्षय ऊर्जा जल दक्षता पुनर्चक्रण और सर्कुलर पहलों के माध्यम से ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा ताकि औद्योगिक विकास पर्यावरण के अनुकूल हो सके इस नीति के अंतर्गत लगने वाली इकाइयों का सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से समयबद्ध अनुमोदन सुनिश्चित किया जाएगा नीति के अंतर्गत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अनुमोदित परियोजनाओं को आकर्षक प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे इनमें 7 वर्षों तक विद्युत शुल्क से सत प्रतिशत छूट, स्टांप शुल्क भू रूपांतरण शुल्क में 75 प्रतिशत छूट तथा 25 प्रतिशत पुनर्भरण शामिलहै इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत पूंजी सब्सिडी के 60 के समतुल्य पूंजीअनुदान राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाने का प्रावधान किया गया है बैंकों अथवा वित्तीय संस्थानों से लिए गए टर्म लोन पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी उपलब्ध होगा जिससे पूंजीगत निवेश को बढ़ावा मिलेगा पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यावरणीय परियोजनाओं की लागत का 50 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति कैपटिव पावर प्लांट हेतु 7 वर्षों तक विद्युत शुल्क से सत प्रतिशत छूट तथा राजस्थान ग्रीन रेटिंग सिस्टम के अंतर्गत प्रमाणित इकाइयों को सहमति शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रावधान की जासकेगी इसके साथ ही रोजगार सृजन प्रोत्साहन, स्किल और ट्रेनिंग इंसेंटिव, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी क्रिएशन इंसेंटिव और क्वालिटी सर्टिफिकेशन इंसेंटिव जैसे अन्य लाभ भी नीति में दिए जाने शामिल हैं राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025 राज्य में एक प्रतिस्पर्धी और मजबूत सेमीकंडक्टर तंत्र का विकास करने में सहायक होगी यह नीति निवेशकों को आकर्षित कर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगी और उच्च तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसर पैदाकरेगी ।

## 23 जनवरी से आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब, युवा अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार जल्दी ही ग्लोबल राजस्थान एग्री टेक मीट 2026 का आयोजन करने जा रही है इसके बारे में भी बुधवार को मंत्री परिषद में चर्चा की गई ग्राम के इस महत्वपूर्ण आयोजन में किसान और पशुपालक की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया जाएगा यह शिविर दो चरण में आयोजित किए जाएंगे बसंत पंचमी के शुभ अवसर 23 जनवरी को प्रथम चरण की शुरूआत होगी जिसमें 24, 25 और 31 जनवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे दूसरे चरण में 1 फरवरी और 5 से 9 फरवरी तक इसका आयोजन होगा इस प्रकार 10 दिनों तक प्रदेश भर में 2839 शिविर प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे इन शिविर से पहले 22 जनवरी को ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीण को ग्राम उत्थान शिविर में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी शिविर में तारबंदी, पाइपलाइन, फार्म पोंड, बेल से खेती योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, हेल्थ कार्डवितरण, बी मिनी कट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फवारा और ड्रिप, सौर पंप संयंत्र इत्यादि की सुकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे इसी प्रकार स्वामित्व कार्डों का वितरण, नहर की मरमत की आवश्यकताओं को चिन्हित किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत पंजीकरण और युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कार्य किए जाएंगे इन शिविर में कृषि उद्यानिकी कृषि विपणन देरी पशुपालन मत्स्य पालन सहकारिता जल संसाधन ऊर्जा उद्योग ग्रामीण विकास और पंचायत राज सहित 12 विभाग शामिल होंगे प्रभारी सचिव गन इन शिविर का नियमित निरीक्षण कर सतत निगरानी करेंगे ।

# 54 लाख से अधिक संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा, करीब 73 लाख पात्रों को मिली खाद्य सुरक्षाः गोदारा

*जयपुर में जुड़े सबसे अधिक वंचित पात्र, बाड़मेर और सीकर रहे द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर,जयपुर, बीकानेर एवं भरतपुर जिलों में खुलेंगे अनाज एटीएम*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को गिव अप अभियान एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागीय उपलब्धियों पर सचिवालय में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान गोदारा ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 को शुरू हुए गिव अप अभियान ने प्रदेशवासियों की त्याग एवं सामाजिक सरोकार की भावना को उजागर किया है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में अब तक 54.36 लाख से अधिक संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाया है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को अभियान के अवधि समाप्त होने के उपरांत स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कहा है की खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान यह सुनिश्चित करता है की कोई भी पात्र छूट न जाए। प्रधानमंत्री के इस कथन को ध्येयवाक्य मानते हुए एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशों की अनुपालना में चलाए जा रहे कि गिव अप अभियान को प्रदेश की जनता से अपार समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया की प्रदेश में जनसंख्या के अनुपात में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 4.46 करोड़ लाभार्थियों की सीलिंग थी। यह संख्या पूरी हो जाने के कारण खाद्य सुरक्षा सूची में नए पात्र लाभार्थियों हेतु जगह नहीं बन पा रही थी। गिव अभियान के अंतर्गत अपात्रों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ने एवं करीब 27 लाख एनएफएसए लाभार्थियों द्वारा ई केवाईसी नहीं करवाए जाने से 81 लाख वंचित पात्रों हेतु खाद्य सुरक्षा सूची में रिक्तियां बनी। यह संख्या प्रदेश में वर्तमान खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों का 18.6 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री जी द्वारा गत वर्ष 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः प्रारंभ किए जाने के बाद अब तक लगभग 73 लाख वंचित पात्रों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में संपन्न 32 वीं उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में देश के माननीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदेश में संचालित गिव अप अभियान को सराहा गया। गोदारा ने बताया कि जयपुर जिले में सबसे अधिक 3.17 लाख वंचित पात्रों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है। क्रमशः 3.07 एवं 3.04 लाख पात्र लाभार्थियों को एनएफएसए से जोड़कर बाड़मेर व सीकर दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।



## देश में एनएफएसए में 11 लाख रिक्तियों वाला राजस्थान एकमात्र राज्य

गोदारा ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 4.35 करोड़ लाभार्थी खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल है। इस प्रकार लगभग 11 लाख रिक्तियां एनएफएसए में आज भी मौजूद है जिनको भरने के लिए लगातार आवेदन लिए जा रहे हैं। इस स्थिति को प्राप्त करने वाला राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है। वर्तमान में खाद्य सुरक्षा में सूची में शामिल किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों में केवल 90 हजार लंबित है।

## केवल पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु विभागीय अधिकारी कर रहे सर्वेक्षण

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि सभी विभागीय अधिकारी माह में 8 दिन फील्डविजिट कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं की नए आवेदनों में से केवल पात्र लाभार्थी ही एनएफएसए से जोड़े जाए। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के साथ-साथ नए आवेदनों में पात्रता सुनिश्चित कर खाद्य सुरक्षा सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है। साथ ही आवेदन स्वीकृत करने की प्रक्रिया में शूचिता सुनिश्चित करने हेतु आवेदन की त्रिस्तरीय जांच की जा रही है। नए लाभार्थी जोड़ने की प्रक्रिया को सरल करते हुए ज़िला कलेक्टर को एनएफएसए में वंचित पात्र को जोड़ने हेतु अधिकृत किया गया है।

## तीन जिलों में खुलेंगे अनाज एटीएम

गोदारा ने बताया की प्रदेश में तीन अनाज एटीएम खुलने जा रहे हैं। यह अनाज एटीएम जयपुर, भरतपुर एवं बीकानेर जिलों में खोले जाएंगे। यहां से खाद्य सुरक्षा लाभार्थी अपने राशन कार्ड का उपयोग करते हुए उचित मूल्य दुकानों पर जाए बिना स्वतः ही राशन प्राप्त कर सकेंगे।

# कांग्रेस सरकार ने चोरों को ही थानेदार बनाकर युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़ः अरुण चतुर्वेदी

## आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है कांग्रेसः अपराध, माफिया और पेपर लीक की पर्याय है कांग्रेस : अविनाश गहलोत



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सरकार के दौरान हुए पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली हुई, जिससे युवाओं के साथ धोखा हुआ और योग्य अभ्यर्थियों को बाहर कर अयोग्यों को जगह दी गई। चतुर्वेदी ने हाल ही में एसओजी द्वारा उजागर किए गए प्रकरणों का जिक्र करते हुए विस्तार से बताया कि कांग्रेस सरकार के समय निकली तीन भर्तियों कृषि पर्यवेक्षक, प्रयोगशाला सहायक एवं महिला सुपरवाइजर में ओएमआर शीट बदलकर किस प्रकार धांधली की गई ह्व उन्होंने कहा, 15 अगस्त 2019 को उत्तर प्रदेश में 61.50 लाख रुपये के साथ अभियुक्त पकड़े गए और एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन कांग्रेस सरकार ने 5 साल तक कोई कार्यवाही नहीं की, सिर्फ लीपा-पोती की गई। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद 28 फरवरी 2025 को यह मामला एसओजी को सौंपा गया, जिसके बाद जांच तेज हुई, प्रभावी कार्यवाही करते हुए कई गिरफ्तारियां की गईं। कांग्रेस के समय राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की जांच समिति में खुद चोरों को थानेदार बना दिया गया । चतुर्वेदी ने जोर देकर कहा, कांग्रेस शासन में 19 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, 133 प्रकरण दर्ज हुए, लेकिन किसी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्पष्ट है यह सब बड़े लोगों के संरक्षण में हुआ था। वहीं, हमारी सरकार में कांग्रेस शासन में हुए पेपर लीक से जुड़े 428 लोगों को गिरफ्तार किया गया और एसआई परीक्षा अनियमितताओं में 138 लोग गिरफ्तार हुए ह्व चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद 326 परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं, जिनमें से एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने पारदर्शिता से कार्य किया, वर्ष भर का कैलेंडर एक साथ जारी किया और एक लाख भर्तियों का कैलेंडर युवाओं की तैयारी के लिए एक साथ निकाला। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से स्पष्टीकरण मांगा कि पार्टी मुखिया और पूर्व शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने इन मामलों में कार्यवाही क्यों नहीं की? आरपीएससी के सदस्य तक इसमें शामिल थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने भी कांग्रेस के भ्रष्टाचार, परिवारवाद और पेपर लीक पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। 5 साल तक जांच को दबाया गया और अब उन्हें ऐसे मामलों पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। सभी कार्यवाहियां हमारी सरकार की पहल पर हुई हैं। डोटासरा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार में यह सब क्यों नहीं हुआ?भाजपा की सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, कैलाश मेघवाल एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक मौजूद रहे।

CMYK

## जिला कलक्टर ने ली सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सहकार से समृद्धि विजन के अंतर्गत जिला स्तरीय डिस्ट्रिक को-ऑपरेटिव डवलपमेंट कमेटी (डीसीडीसी) की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण करने, व्यवसाय विविधिकरण को बढावा देने, भूमिहीन सहकारी समितियों एवं गोविन्दगढ व रैणी क्रय-विक्रय समिति में गोदान निर्माण की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया कि कृषक हित में संचालित केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करे। इस दौरान उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां गुलाब चंद मीना सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कांकर छाज्जा में सूबेदार सुरेश चंद यादव की ऑयल मिल का भव्य उद्धाटन

### मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ एडवोकेट बस्तीराम यादव का हुआ जोरदार स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** ग्राम कांकर छाज्जा में सूबेदार सुरेश चंद यादव (पुत्र रणजीत सिंह यादव) की नवस्थापित ऑयल मिल का उद्धाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ बस्तीराम यादव, एडवोकेट रहे। उद्धाटन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच राजकुमार यादव, पूर्व सरपंच सोताज सिंह यादव, जिला पार्षद सुनील प्रवक्ता, सरपंच दयाराम यादव, सरपंच अशोक यादव, मास्टर स्वताज सिंह, बिल्लू यादव, देशराज यादव, पार्षद रोहतास, सुनील यादव, रोहतास गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवा एवं बच्चे भी शामिल हुए। मुख्य वक्ता बस्तीराम यादव, एडवोकेट ने सूबेदार सुरेश चंद यादव एवं रणजीत सिंह यादव के परिवार को ऑयल मिल जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान की स्थापना पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उद्योग ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि बस्तीराम यादव का साफा, माला एवं डीजे के साथ भव्य स्वागत किया गया, जिससे आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## श्रीराम मन्दिर का वार्षिकोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** खालासी रोड़ स्थित हैरीटेज सिटी में स्थापित श्रीराम मन्दिर मण्डावा का प्रथम वार्षिकोत्सव गुरूवार को दोपहर सवा 12 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश सैनी व नरोतम चेजारा ने बताया की वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन, अनेक धार्मिक अनुष्ठान सहित भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की अगुवाई में कृषक कल्याण को मिल रही नई दिशा

### विगत 2 वर्षों में कृषि के विकास एवं उत्थान में कारगर साबित हुई राज्य सरकार द्वारा संचालित किसान केंद्रित जनकल्याणकारी योजनाएं

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अन्नदाता के कल्याण के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे तारबंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र का संचालन किया जा रहा है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी. मीना ने बताया की विगत दो वर्षों में कृषकों के कल्याण के लिए जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत 5,314 फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को 1 करोड़, 11 लाख, 79 हजार, 891 रूपये के बीमा क्लेम का वितरण, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 154 लाभार्थियों को 2 करोड, 42 लाख, 76 हजार, 207 रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण, 5 हजार, 599 चारा मिनिकिट तथा 86 हजार, 400 फसल बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरण, वर्षा जल के संग्रहण हेतु 198 खेत फार्म पौण्ड का निर्माण एवं कुओं से खेतों तक होने वाले जल के अपव्यय को बचाने के लिए 222 किलोमीटर सिंचाई पाईपलाइन स्थापित, किसानों की फसलों के नुकसान को रोकने के लिए कृषकों के खेतों पर 4 लाख, 61 हजार, 462 मीटर की तारबंदी कराते हुए 5 करोड़, 46 लाख रूपये का अनुदान उपलब्ध कराया, मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना में 1360 लाभार्थियों को 7 करोड, 24 लाख, 6 हजार, 686 रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण, 11वीं व 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी में कृषि विषय के साथ अध्ययनरत 1,224 छात्राओं को 2 करोड़, 25 लाख, 40 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार मृदा में पोषक तत्वों की उपलब्धता एवं मृदा स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु किसानों को 18 हजार, 867 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, 425 पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित, कृषकों के खेतों पर 900 वर्मी कम्पोस्ट इकाइयाँ स्थापित, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना में 516 लाभार्थियों को 51 लाख, 60 हजार रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण, मुख्यमंत्री बीज स्वावलंबन योजना में 1,682 लाभार्थी लाभान्वित, कृषि मशीनीकरण पर उपमिशन (केन्द्र प्रायोजित) योजना के अन्तर्गत 76 लाभार्थियों को 27 लाख, 27 हजार, 508 रुपये का प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण एवं बीज एवं रोपण सामग्री पर उप-मिशन योजना के अन्तर्गत 1,108 लाभार्थीयों को लाभान्वित किया गया। उद्यान विभाग के उपनिदेशक के.एल मीणा ने बताया कि पीएम कुसुम सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र योजना के तहत 346 कृषकों के खेतों पर सिंचाई हेतु सोलर पम्प संयंत्रों की स्थापना, प्रति बूंद ज्यादा फसल सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत 3,622 हैक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर संयंत्र तथा 2,310 हैक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा संयंत्र स्थापित कर 5 हजार, 621 कृषकों को लाभान्वित किया, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत 31 हैक्टेयर क्षेत्र में फल बगीचों की स्थापना, 1 लाख, 10 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में पॉली हाऊस का निर्माण, 10 हजार, 600 वर्गमीटर क्षेत्र में शेडनेट हाऊस का निर्माण व 10 कृषकों के कम लागत के प्याज भंडार गृह का निर्माण करवाया गया। इसी प्रकार मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत 350 कृषकों को आधुनिक उच्च तकनीकी उद्यानिकी गतिविधियों एवं नवाचारों को अपनाने हेतु प्रशिक्षित किया गया और राजस्थान नॉलेज एन्हांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत जिले की अलवर तहसील के गाँव नंगला रायसिस के प्रगतिशील एवं नवाचारी कृषक रवि यादव के द्वारा अन्तरराष्ट्रीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु यूरोपियन देश नीदरलैण्ड का दौरा किया गया।

# जिले के 34 गिरदावर सर्किलों पर होगा ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन

### ग्रामीणों को सुनिश्चित होगा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM) -2026' का आयोजन करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम के इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रगतिशील किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के क्रम में प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि शिविर दो चरणों में आयोजित किए जाएंगे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 23 जनवरी को प्रथम चरण की शुरूआत होगी, जिसमें 24, 25 व 31 जनवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं, दूसरे चरण में 1 फरवरी एवं 5 से 9 फरवरी तक इनका आयोजन होगा। इस प्रकार 10 दिनों तक जिले में 34 शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदेशभर में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों से पहले 22 जनवरी को ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को ग्राम उत्थान शिविरों में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी।

### तार बंदी से लेकर सौर पम्प संयंत्र की मिलेगी स्वीकृति

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को शिविरों में तार बंदी, पाईप लाईन, फार्म पौण्ड, बैलों से खेती योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, बीज मिनिकिट वितरण का सत्यापन करने के साथ ही फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पम्प संयंत्र इत्यादि की स्वीकृतियां और मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने स्वामित्व कार्डों का वितरण, नहरों एवं खालों की मरम्मत की आवश्यकताओं का चिन्हीकरण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत पंजीकरण एवं युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर पात्र लाभार्थी को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### 12 विभागों की योजनाओं का मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित 12 विभाग भाग लेंगे। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को शिविरों का नोडल विभाग बनाया गया है, जो सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए इन शिविरों के माध्यम से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को शिवरों में आवश्यक समन्वय करते हुए इनका सफल संचालन करवाने के निर्देश दिए। विशेष शिविरों के प्रथम दिन 23 जनवरी को मुंडावर तहसील के अंबेडकर भवन, किशनगढ़ बास तहसील के अटल सेवा केंद्र, तिजारा तहसील के पंचायत समिति परिसर, टपूकड़ा तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटकासिम तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरसोली तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरथल की ग्राम पंचायत नूरनगर के अटल सेवा केंद्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, विकास अधिकारी मुंडावर संजय यादव, तहसीलदार एलआर अजय कुमार, तहसीलदार अभिषेक यादव, तहसीलदार शैतान सिंह यादव, तहसीलदार मुंडावर विवेक, तहसीलदार हरसोली वीरेंद्र सिंह, तहसीलदार तिजारा कृष्ण कुमार यादव, तहसीलदार कोटकासिम, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, सहायक निदेशक हॉर्टिकल्चर गोपाल मीणा, शाखा प्रबंधक खैरथल शेष कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अब शहर में पुलिस कंट्रोल रूम से होप सर्कस तक के मार्ग का नाम 'संत सुंदर दास मार्ग' होगा



### बसंत पंचमी पर होगा भव्य कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खंडेलवाल सेवा समिति परिवार के सतत प्रयासों से अलवर शहर में पुलिस कंट्रोल रूम से होप सर्कस तक के मार्ग का नामांकरण 'संत सुंदर दास मार्ग' के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी, 23 जनवरी को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। खंडेलवाल सेवा समिति अलवर अध्यक्ष रजनीकांत गुप्ता ने बताया कि इसी दिन संत सुंदरदास जयंती भी श्रद्धा एवं उत्साह के रूप में मनाई जाएगी। वहीं कार्यक्रम के अंतर्गत नामकरण पत्रिका का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय शर्मा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग संचालक डॉ. के. के. गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता 'तुंगा वाले', राष्ट्रीय अध्यक्ष खंडेलवाल महासभा, जयपुर, अति विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार कट्टा, मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष खंडेलवाल महासभा जयपुर, समारोह अध्यक्ष सुभाष घीया, स्वागत अध्यक्ष ऋषिकांत गुप्ता, रामचरण गुप्ता (जातपुर वाले) होगे। वहीं कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्ण खंडेलवाल समाज से निवेदन किया गया है कि 23 जनवरी बसंत पंचमी को दोपहर एक बजे तक अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करें। यह गर्व का विषय है कि भारत में अब तक केवल तीन संत सुंदरदास मार्ग स्थापित हैं, और अलवर में यह चतुर्थ मार्ग के रूप में स्थापित हुआ है। खंडेलवाल सेवा समिति अलवर अध्यक्ष रजनीकांत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं होगी जिसमें सभी खंडेलवाल परिवारों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएंगे, कार्यक्रम के दौरान पांच लकी ड्रा कूपन निकाले जाएंगे, संपूर्ण मार्ग पर मशीनों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी, आगंतुकों का दुपट्टा, मोतियों की माला एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया जाएगा, अंत में सभी के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। खंडेलवाल सेवा समिति परिवार की ओर से संपूर्ण समाज से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

## 'शुध्द आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत थानागाजी में आयोजित हुआ खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

### शिविर में 83 खाद्य लाइसेंस/पंजीयन किए जारी, 290 किलो रसगुल्ले खराब होने पर मौके पर ही कराए नष्ट

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत विवेकानन्द चौक, थानागाजी में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजन कर ऑनलाइन आवेदन कराकर 83 खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में किराना, खाद्य एजेन्सी, दूध विक्रेता, डेयरी/चाट ठेले, फल सब्जी विक्रेता, अनाज व फल सब्जी मंण्डी के थोक विक्रेता एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता एवं कैटरिंग सर्विस, दवा विक्रेता, शराब विक्रेता एवं खाद्य पदार्थ निर्माताओं के लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। साथ ही भैरूबाबा रसगुल्ले भण्डार प्रतापगढ रोड थानागाजी से रसगुल्ले का नमूना लेकर प्रयोगशाला भिजवाया गया एवं 290 किलो रसगुल्ले खराब होने की आशंका पर मौके पर ही नष्ट कराए गए। 22 जनवरी को नई सब्जी मंडी में आयोजित होगा खाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अग्रेसन सर्किल नई सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर के पास प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाइसेंस/पंजीयन अपने वार्षिक टर्नओवर एवं दैनिक उत्पादन क्षमता के अनुसार कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किराना, खाद्य एजेन्सीज, दूध विक्रेता, डेयरी, चाट ठेले, फल सब्जी विक्रेता, फल सब्जी मण्डी के विक्रेता, अनाज मण्डी में अनाज के थोक एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता एवं विक्रेता, कैटरिंग सर्विस, दवा विक्रेता, शराब विक्रेता इत्यादि खाद्य पदार्थों के ठेले, तेल मील, खाद्य पदार्थ निर्माताओं को शिविर में सभी आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी दी जाएगी एवं ऑनलाइन आवेदन करवाकर खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सालाना 12 लाख से कम टर्न ओवर की बिक्री वाले छोटे खाद्य कारोबारकर्ता अपना एक फोटो एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र द्वारा आवेदन कर सकते हैं एवं सालाना 12 लाख से अधिक टर्न ओवर की बिक्री वाले बडे खाद्य कारोबारकर्ता अपने फर्म के जीएसटी पंजीयन, दुकान के स्वामित्व के साक्ष्य एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र द्वारा आवेदन कर सकते हैं। निर्माण इकाई वाले खाद्य कारोबारकर्ता काम में आने वाले उपकरणों की लिस्ट, पानी अगर काम में लेते हैं तो पानी की जांच रिपोर्ट, पाटनरशिप डीड/कम्पनी का मैमोरेण्डम, निर्माण इकाई के फोटोग्राफ भी साथ लावे। उन्होंने बताया कि एफएसएसए नियम के अनुसार बिना खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन पाये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध 2 लाख से 10 लाख तक का जुर्माना किया जा सकता है।

## शादी के गीत की धुन पर बेटियों को लेकर आए, किया कन्यादान

### वातावरण पूरी तरह हुआ भाव-विभोर





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से बुधवार को होटल बैठक में सात बेटियों के साथ 321 कन्यादान पूरे हो गए। सभी बेटियों को भाई- बहनों की तरह समाज की गणमान्य महिलाएं और अधिकारी सिर पर चुन्नी ओढ़ाकर लेकर आए। अतिरिक्त विशिष्ट न्यायाधीश पोकसो संख्या चार हिमांकनी गौड़, जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा तथा नगर निगम की राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने बेटियों के चरण धोकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों ने सभी बेटियों को उपहार दिए और उनके तिलक लगाया व चरण धोए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, युवा समाजसेवी सौरभ कालरा , गुरप्रीत सिंह पवित्र, प्रवीन बत्रा, कुमकुम गुप्ता, पुरुषार्थी समिति के पदाधिकारी अशोक आहूजा, मनोहर झाम, निशा शर्मा, ममता खन्ना और ज्योति अदलकखा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया। कार्यक्रम में समाज सेविका पुष्पा रानी खन्ना तथा रवि गर्ग को सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी नेता शैलेन्द्र कपूर, न्यायिक कर्मचारी मनोज दत व्यास, राजकुमार गुर्जर, अशोक तनेजा, अतुल सकसेना, सार्थक खन्ना, रेखा कर्दम, राजकुमार अदलकखा, जितेन्द्र सेतिया, कमला यादव, तथा बाल भारती शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष सुभाष चंद अग्रवाल, महेन्द्र गोयल, पत्रकार स्वदेश कपिल, सुरेन्द्र चौहान, ज्योति शर्मा आदि उपस्थित थे। इसमें जे.एम.एम.सी. प्रोजेकट लिमिटेड, डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, बैठक होटल एंड रेस्त्रा, खान चंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट्र का सहयोग रहा।

### समाज के लिए अनुकरणीय- गौड

इस मौके पर विशिष्ट न्यायाधीश हिमांकनी गौड ने कहा कि नेक कमाई ने यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी एक परिवार की नहीं पूरे समाज की होती है। यह कन्यादान पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने कहा कि नेक कमाई कन्यादान के साथ बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत से कार्यक्रम चल रहा है जिससे अलवर गौरान्वित हुआ है। नगर निगम अलवर की राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान अपने आपमें अनुकरणीय है जहां आकर खुशी मिलती है। संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था के कार्य बताए। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि नेक कमाई अब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में नारी सृजन नामक कार्यक्रम चला रहा है। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। इस अवसर पर नेक कमाई की ओर से सेवा के लिए रवि गर्ग को भी सम्मानित किया गया जो बेटियों को साडि़यां देते हैं। नेक कमाई की ओर से होटल बैठक सहित सभी का आभार जताया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का अलवर आगमन आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग आज गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को अलवर पधार रहे हैं। उनके अलवर आगमन को लेकर अग्रवाल समाज में उत्साह का माहौल है। अलवर जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बताया कि गर्ग प्रातः 10 बजे अलवर पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 02:15 बजे मुबारिकपुर स्थित मुबारिक अग्रवाल भवन पहुंचेंगे, जहां अग्रवाल समाज मुबारिकपुर द्वारा आयोजित नव-निर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ-ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर समाज की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शपथ-ग्रहण समारोह में समाज की नई कार्यकारिणी को दायित्व ग्रहण कराया जाएगा तथा संगठनात्मक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने अलवर जिले के समस्त अग्रवाल बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में दोपहर 02:15 बजे तक मुबारिकपुर स्थित अग्रवाल भवन पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त करें।

## 'शुध्द आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत थानागाजी में आयोजित हुआ खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर

### शिविर में 83 खाद्य लाइसेंस/पंजीयन किए जारी, 290 किलो रसगुल्ले खराब होने पर मौके पर ही कराए नष्ट

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत विवेकानन्द चौक, थानागाजी में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजन कर ऑनलाइन आवेदन कराकर 83 खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में किराना, खाद्य एजेन्सी, दूध विक्रेता, डेयरी/चाट ठेले, फल सब्जी विक्रेता, अनाज व फल सब्जी मंण्डी के थोक विक्रेता एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता एवं कैटरिंग सर्विस, दवा विक्रेता, शराब विक्रेता एवं खाद्य पदार्थ निर्माताओं के लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। साथ ही भैरूबाबा रसगुल्ले भण्डार प्रतापगढ रोड थानागाजी से रसगुल्ले का नमूना लेकर प्रयोगशाला भिजवाया गया एवं 290 किलो रसगुल्ले खराब होने की आशंका पर मौके पर ही नष्ट कराए गए।

**22 जनवरी को नई सब्जी मंडी में आयोजित होगा खाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर**

उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अग्रेसन सर्किल नई सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर के पास प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाइसेंस/पंजीयन अपने वार्षिक टर्नओवर एवं दैनिक उत्पादन क्षमता के अनुसार कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किराना, खाद्य एजेन्सीज, दूध विक्रेता, डेयरी, चाट ठेले, फल सब्जी विक्रेता, फल सब्जी मण्डी के विक्रेता, अनाज मण्डी में अनाज के थोक एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता एवं विक्रेता, कैटरिंग सर्विस, दवा विक्रेता, शराब विक्रेता इत्यादि खाद्य पदार्थों के ठेले, तेल मील, खाद्य पदार्थ निर्माताओं को शिविर में सभी आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी दी जाएगी एवं ऑनलाइन आवेदन करवाकर खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सालाना 12 लाख से कम टर्न ओवर की बिक्री वाले छोटे खाद्य कारोबारकर्ता अपना एक फोटो एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र द्वारा आवेदन कर सकते हैं एवं सालाना 12 लाख से अधिक टर्न ओवर की बिक्री वाले बडे खाद्य कारोबारकर्ता अपने फर्म के जीएसटी पंजीयन, दुकान के स्वामित्व के साक्ष्य एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र द्वारा आवेदन कर सकते हैं। निर्माण इकाई वाले खाद्य कारोबारकर्ता काम में आने वाले उपकरणों की लिस्ट, पानी अगर काम में लेते हैं तो पानी की जांच रिपोर्ट, पाटनरशिप डीड/कम्पनी का मैमोरेण्डम, निर्माण इकाई के फोटोग्राफ भी साथ लावे। उन्होंने बताया कि एफएसएसए नियम के अनुसार बिना खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन पाये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध 2 लाख से 10 लाख तक का जुर्माना किया जा सकता है।

## ब्रेक फेल होने से 27 सवारी से भरी जीप 60 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन लोगों की मौत 17 घायल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उदयपुर जिले के कोटड़ी इलाके में डिंगरी गांव के पास बिल्वन से कोटा की तरफ जा रही जीप का चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया जिसकी वजह से जीप पीछे की ओर लुढ़क कर करीब 60 फीट गहरी खाई में गिर गई जीप में 27 यात्री सवार थे जिसमें इस हादसे में तीन लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है तथा 17 यात्री घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अलग-अलग जिला सरकारी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है हादसे के बाद इलाके के प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर राहत कार्यों में पुलिस का सहयोग किया और घायल लोगों को अस्पताल में भिजवाने में सहयोग किया लेकिन इस भीषण सड़क हादसे ने एक बार फिर से प्रदेश के परिवहन विभाग पुलिस और प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है क्योंकि जीप में 27 यात्री सवार थे और यह जीप दुर्गम रास्ते से जा रही थी जीप चढ़ाई में चढ़ रही थी ऐसे में जीप का यात्रियों से खचाखच भरे होना यह दर्शाता है कि इलाके के परिवहन अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं और दुर्गम रास्तों में यातायात और परिवहन विभाग के नियमों की अवहेलना करके जीप का संचालन कर रहे हैं यहां बड़ी संख्या में अवैध जीप संचालित हो रही है क्योंकि यह इलाका पूरी तरह से आदिवासी इलाका है यहां पर रोडवेज संसाधनों की समुचित व्यवस्था नहीं है इसलिए आदिवासी लोग मजबूरी में इन अवैध जीप और अन्य अवैध गाड़ियों में सवार होकर अपने कामकाज के लिए आते जाते हैं जानकारी के अनुसार कोटडी इलाके में डिंगरी गांव के पास बुधवार की दोपहर करीब 12:30 बजे यह भीषण हादसा हुआ जीप बिल्वन से कोटा जा रही थी और चढ़ाई में चढ़ रही थी लेकिन अचानक जीप का ब्रेक फेल हो गया चालक ने पूरी कोशिश की लेकिन वह जीप को कंट्रोल में नहीं कर सका क्योंकि जीप खचाखच यात्रियों से भरी हुई थी इसलिए जैसे ही जीप का ब्रेक डाउन हुआ वैसे ही जीप पीछे की ओर लुढ़क कर 60 फीट गहरी खाई में गिर गई यह तो गनीमत रही यह हादसा दिन में हुआ इसलिए आसपास के लोग मदद के लिए वहां पर बड़ी संख्या में पहुंच गए और लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को भी सूचित किया तथा लोग खुद अपने स्तर पर खाई में गिरे लोगों को संभालने में जुट गए अन्यथा अगर यह हादसा रात्रि के समय होता तो तीन से ज्यादा लोगों की यहां मौत हो सकती थी।

## यंग्स क्लब का सराहनीय कार्यः 4 स्कूलों के 121 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संख्या 22 में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से 4 सरकारी विद्यालयों के 121 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स, जुर्राब उपलब्ध करवाए गए। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्या जयश्री सेठिया ने कहा कि विद्यार्थी किताबी शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र के सुयोग्य नागरिक बनें। विशिष्ट अतिथि भामाशाह नोपाराम मंडा ने क्लब के तत्वावधान में बाल भारती इंटरनल स्कूल सुजानगढ़ के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करवाने की घोषणा की। प्रधानाचार्या रिंकू सोनी, पार्षद पंकज घासोलिया ने भी प्रेरकीय संदेश विद्यार्थियों को दिए। प्रधानाचार्या प्रमिला ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रोहित काकाणी, महेश तंवर, रामावतार मंत्री, जवाहर कटारिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, प्रधानाध्यापक किशनलाल रैगर आदि मंचस्थ रहे। धन्यवाद ज्ञापन रोहित काकाणी ने किया। संचालन करते हुए क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि आयोजन के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुलिया, वाल्मिकी बस्ती, राज उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड 22 व राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम सूरवास के जरूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हुए। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत मनजीत, शिक्षक हरिराम गोदारा, अब्दुल लतीफ, पुष्पेंद्र भाटी, सालगराम, राकेश शर्मा, बालचंद प्रजापत, रामगोपाल शर्मा, भंवरलाल डूडी, महेंद्र सिंह, चतर सिंह, बनवारी लाल कुलहरि, अजीत सिंह, मंजू महावर, अंजू कुमारी सुथार, प्रकाश, कमला चौधरी, ज्योति सोलंकी, लीला जांगिड़ आदि ने किया।

## परमात्मा धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैंः शास्त्री

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय शिव कॉलोनी स्थित चमत्कारी गोगामेड़ी में चल रही भागवत कथा के चोथे दिन कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग और नंदोत्सव का वर्णन किया, जिसमें कंस के अत्याचारों के अंत के लिए भगवान कृष्ण का जन्म, उनकी बाल लीलाओं जैसे-



माखन चोरी, ग्वाल-बालों संग क्रीड़ा और यशोदा मैया के वात्सल्य का वर्णन किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों के साथ हर्षोल्लास के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान वामन अवतार का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें राजा बलि से तीन पग भूमि माँगने और बलि की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान के द्वारपाल बनने की कथा का वाचन किया। कथा में यह भी बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, परमात्मा धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भगवान केवल धन या पद से नहीं, बल्कि प्रेम से बंधते हैं। कलयुग में भागवत कथा और नाम संकीर्तन ही मुक्ति का मार्ग है, जैसा कि राजा परीक्षित को कथा श्रवण से परम गति मिली। बुधवार को मुख्य यजमान सम्पत सिंह व कुशाल सिंह ने सपत्नीक पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पवन सैनी भगत, सुरेश भार्गव, मातादिन, आनंद शर्मा, शक्ति सिंह, संजय कुमार सैनी, शेखर गुर्जर, मनोज कुमार सैनी, अनिल भार्गव सहित अनेक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# सरकारी गुंडागर्दी को संवैधानिक मान्यता दिलाने का भजनलाल सरकार का कुप्रयास : गोविंद सिंह डोटासरा

### डिस्टर्ब एरिया एक्ट बिल को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा का सरकार पर जोरदार हमला और कहा यहां गुजरात मॉडल किया जा रहा लागू

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से आगामी बजट सत्र में एक नया बिल डिस्टर्ब एरिया एक्ट को विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने पर राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि इस नए कानून को बनाने के लिए भी दिल्ली से पर्ची आई है और यह गुजरात मॉडल से जुड़ा हुआ है उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में राजस्थान में यही हो रहा है कि जो भी दिल्ली से पर्ची आती है उसी के अनुसार सरकार निर्णय ले रही है उन्होंने कहा कि अब सरकार एक नया कानून डिस्टर्ब एरिया एक्ट को आगामी बजट सत्र में मंजूर करवाने का प्रयास करेगी जो एक तरह से संविधान और लोकतंत्र पर हमला है उन्होंने कहा कि इस नए कानून से शांति की बजाय शांति होगी और अभी यह एक एरिया विशेष के लिए लाया गया है फिर इसे जिला विशेष के तौर पर लाया जाएगा और फिर पूरे प्रदेश यानी पूरे लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए इस तरह का कानून लाया जाएगा । बुधवार को गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके कहा कि राजस्थान में पहले से ही अशांत क्षेत्र घोषित करने के लिए कानून और नियम बने हुए हैं इसके लिए आईपीसी सीआरपीसी में भी पूरे प्रावधान सुनिश्चित है इसके अलावा यहां पहले से कानून बना हुआ है लेकिन प्रदेश सरकार यह कानून शांति के लिए नहीं बल्कि राजस्थान जैसे शांत प्रदेश में अशांति फैलाने के लिए लेकर आ रही है उन्होंने कहा कि इस कानून में संपत्ति के बेचने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 301 में प्रत्येक नागरिक को अपनी संपत्ति बेचने का अधिकार मिला हुआ है इसी तरह से अनुच्छेद 314 में समानता का अधिकार सुनिश्चित है इसलिए इस कानून के माध्यम से संपत्ति बेचने पर जो पाबंदी लगाई गई है वह संविधान की सरासर अवहेलना है उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार प्रदेश में निवेश के लिए बड़े-बड़े आयोजन कर रही है और दूसरी तरफ इस तरह के कानून लाकर राजस्थान जैसे शांत प्रदेश में डर और अशांति का माहौल बनना चाहती है ऐसे में यहां कौन निवेश करना चाहेगा डोटासरा ने कहा कि एरिया डिस्टर्ब कानून से आम लोगों को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है जनजीवन को अस्त-व्यस्त करने का प्रयास किया जा रहा है इस कानून से फिर कौन अशांत क्षेत्र में अपनी बहन बेटी की शादी करना चाहेगा और कौन अशांत क्षेत्र में अपना नया आशियाना बनना चाहेगा डोटासरा ने कहा कि इस कानून से साफ जाहिर हुआ है कि राजस्थान में गुजरात मॉडल हावी हो गया है और सरकार गुजरात मॉडल को फॉलो करने लगी है राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि एरिया डिस्टर्ब कानून एक तरह से सरकारी गुंडागर्दी को संवैधानिक मान्यता दिलाने का कुप्रयास किया जा रहा है और कांग्रेस पार्टी इस कानून के खिलाफ राजस्थान विधानसभा के अंदर और राजस्थान विधानसभा के बाहर जोरदार तरीके से इसका विरोध करेगी आगामी विधानसभा सत्र में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी इस नए एक्ट का पूरी तरह से विरोध करेगी डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के भजनलाल सरकार यह चाहती ही नहीं है कि राजस्थान विधानसभा में किसी अच्छे विषय पर और जनता से जुड़े विषयों पर चर्चा हो जनहित के मुद्दों पर चर्चा हो विकास के मुद्दों पर चर्चा हो सरकार विधानसभा में खुद ऐसा माहौल बनना चाहती है कि विपक्ष विरोध करें नारेबाजी करें सरकार यह चाहती ही नहीं है कि विपक्ष के साथ सार्थक चर्चा हो उन्होंने कहा कि डिस्टर्ब एरिया एक्ट के तहत अधिकारियों को पावरफुल बनाया जा रहा है सरकार अधिकारियों को साथ लेकर तानाशाह की तरह शासन करना चाहती है सरकार का लोकतंत्र और संविधान से कोई लेना-देना नहीं है केंद्र में मोदी सरकार और राजस्थान में भजनलाल सरकार दोनों सरकारी लोकतंत्र और संविधान का मजाक उड़ा रही हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले 2 साल में सरकार कहीं पर दिखाई नहीं रही है दिल्ली से पर्ची के माध्यम से जो भी आदेश आता है उस आदेश को तुरंत लागू कर दिया जाता ।

## कोटा में बनेगा अत्याधुनिक पशु आहार संयंत्र, 1 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों को होगा फायदा

### भजनलाल सरकार के बजट में हुई थी घोषणा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** कोटा जिले के दुग्ध उत्पादकों को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सहकारी डेयरियों से जुड़े पशु पालकों के उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता के चलते बजट घोषणा 2024-25 के तहत यहां एक अत्याधुनिक पशु आहार संयंत्र की स्थापना की जा रही है, जो न केवल आधुनिक तकनीक से लैस होगा बल्कि कोटा जिले एवं आसपास के क्षेत्र के एक लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए वरदान साबित होगा। 150 मैट्रिक टन प्रतिदिन की प्रारंभिक क्षमता वाला यह संयंत्र भविष्य में दोगुनी क्षमता के साथ पूरे हाड़ौती अंचल में पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस परियोजना के तहत 25 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का बायपास प्रोटीन फीड प्लांट, 12 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का मिनरल मिक्सचर प्लांट और कच्चे माल के भंडारण के लिए 2000 मैट्रिक टन क्षमता की साइलो प्रणाली भी बनाई जाएगी। इस संपूर्ण परियोजना पर 71.22 करोड रुपए खर्च होंगे। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन द्वारा यह पशु आहार संयंत्र जापान की जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के सहयोग से तैयार किया जाएगा। आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशकश्रुति भारद्वाज ने बताया कि यह पशु आहार संयंत्स्टेट-ऑफ-द-आर्ट तकनीक से लैस होगा जिसमें मेज़ (मक्का) एवं चावल के लिए स्वचालित साइलो, स्वचालित बायपास प्रोटीन फीड प्लांट, मिनरल मिक्स प्लांट और क्लाउड-आधारित ERP इंटीग्रेशन सिस्टम से युक्त उच्च तकनीकी प्रयोगशाला शामिल होगी । श्रुति भारद्वाज ने बताया कि प्रयोगशाला में मेज़, चावल, ग्वार, गुड, सरसों के केक एवं तैयार उत्पाद की गुणवता की सटीक एवं त्वरित जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि बायपास प्रोटीन फीड पशुओं के लिए आवश्यक पोषण तत्व होगा, जो बिना टूटे पाचन तंत्र से आंत तक पहुंचकर दूध की गुणवता और उत्पादन में सुधार करेगा। मिनरल मिक्स फीड आंवश्यक खनिज एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान करेगा, जो पशुओं के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा प्रणाली और वृद्धि को बेहतर बनाएगा। आरसीडीएफ की प्रबंध संचालक ने बताया कि राज्य में पहले से ही जयपुर के कालाडेरा, पाली, जोधपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर और भीलवाड़ा के लम्बियाकलान में कुल 7 पशु आहार संयंत्र संचालित हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 1800 मैट्रिक टन पशु आहार का उत्पादन किया जा रहा है। आरसीडीएफ के सरस ब्रांड के उच्च गुणवत्तायुक्त पशु आहार की भारी माँग के चलते सभी पशु आहार संयंत्रों में क्षमता से अधिक उत्पादन कर माँग की आपूर्ति की जा रही है। पिछले दो वर्षों में पशु आहार की बिक्री में रिकॉर्ड 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्तमान में राज्य भर में स्थित पशु आहार संयंत्रों में प्रति माह रिकॉर्ड 50,000 मेट्रिक टन पशु आहार का उत्पादन और वितरण हो रहा है। गौरतलब कि सरस ब्रांड का पशु आहार राज्य में सर्वाधिक बिकने वाला पशु आहार है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि आरसीडीएफ के सभी पशु आहार संयंत्र वर्तमान में रिकॉर्ड लाभ की स्थिति में चल रहे हैं। कोटा में प्रस्तावित यह नया पशु आहार कि संयंत्र पशुपालन और डेयरी विकास को नई गति देने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मंत्री दरबार में कांग्रेस कार्यकर्ता भी समस्या लेकर आए, मंत्री बेढम ने सुनी समस्याएं





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम की जनसुनवाई में प्रदेशभर से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएँ रखीं। मंत्री बेढम ने कई प्रकरणों का तत्काल समाधान कराया तथा अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में भरतपुर जिले के मैनापुरा-भुसावर के पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सतीश पांडे भी अपनी समस्या लेकर पहुँचे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उनकी किसी ने नहीं सुनी, लेकिन उन्हें माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर पूरा भरोसा है। मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने उनके प्रकरण पर भी अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि भजनलाल सरकार की कार्यशैली जनता-केंद्रित और समाधान-आधारित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर नागरिक की समस्या सुनी जाए और उसका त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा जनता के प्रति जवाबदेह होकर कार्य करना हमारा संकल्प है और यही भाजपा का मूल सिद्धांत है। पेपर लीक, एसआईआर एवं अन्य मामलों पर बोलते हुए मंत्री बेढम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय की गंभीर अनियमितताओं का अब खुलासा हो रहा है। ओएमआर शीट में हेरफेर कर शून्य और माइनस अंक पाने वालों को मेरिट में शामिल किया गया, जिससे मेहनती युवाओं के साथ धोखा हुआ। वर्तमान सरकार ऐसे मामलों में कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी खोई हुई प्रासंगिकता बचाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है लेकिन राजस्थान में पेपर माफिया और अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। सरकार कानून के दायरे में रहकर हर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## भवन (रेलवे स्टेशन)श्रेणी में अलवर रेलवे स्टेशन को प्रथम तथा जयपुर रेलवे स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार

### भवन (अस्पताल) श्रेणी में मंडलीय रेलवे अस्पताल, जोधपुर तथा लार्ज स्केल इंडस्ट्रीज(सामान्य) श्रेणी में रेलवे कैरेज वर्कशॉप, बीकानेर को प्रथम पुरस्कार




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ऊर्जा संरक्षण हेतु राजस्थान सरकार के राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसीएल) द्वारा राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (आरईसीए) 2023 पुरस्कार समारोह का किया गया । ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (आरईसीए) 2023 पुरस्कार समारोह में भवन (रेलवे स्टेशन) श्रेणी में राजस्थान के अलवर रेलवे स्टेशन को प्रथम, जयपुर रेलवे स्टेशन को द्वितीय तथा जोगी मगरा रेलवे स्टेशन को रिकग्निशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक अमिताभ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा ऊर्जा-कुशल प्रणालियों को व्यवस्थित रूप से अपनाकर, विद्युत भार को अनुकूलित करके, ऊर्जा खपत की निरंतर निगरानी करके और आरईसीए दिशानिर्देशों और मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को लागू करके ऊर्जा प्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऊर्जा संरक्षण हेतु भवन (अस्पताल) श्रेणी में राजस्थान के मंडलीय रेलवे अस्पताल, जोधपुर को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार लार्ज स्केल इंडस्ट्रीज(सामान्य) श्रेणी में रेलवे कैरेज वर्कशॉप, बीकानेर को प्रथम, रेलवे कैरेज वर्कशॉप, अजमेर को द्वितीय तथा रेलवे कैरेज वर्कशॉप, जोधपुर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इन पहलों के परिणामस्वरूप ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय कमी आई है तथा परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है। जिसके कारण पर्यावरणीय स्थिरता में ठोस योगदान मिला है। ये उपलब्धियां सार्वजनिक भवनों में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने में भारतीय रेलवे की सक्रिय भूमिका को उजागर करती हैं और राजस्थान में रेलवे प्रतिष्ठानों और सरकारी बुनियादी ढांचे में इसके अनुकरण के लिए प्रेरणा का काम करती हैं।

## ग्राम विकास अधिकारी को 5500 रुपए की रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के अजमेर जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए सिलोरा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह को 5500 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त मूल सिंह के दफ्तर से सभी तरह के दस्तावेज आवेदन पत्र डिजिटल डाटा पत्रावलिया इत्यादि सभी बरामद कर इनकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त मूल सिंह बिना लिए दिए ग्राम पंचायत संबंधी कोई कार्य शायद नहीं करता था इसलिए मूल सिंह की ओर से संपादित की गई विभिन्न तरह की फाइलों के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है तथा जो जो आवेदन मूल सिंह की ओर से संपादित किए गए हैं उन सब की जांच की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम विकास अधिकारी मूल सिंह है जो सिरोला ग्राम पंचायत में पोस्टेड है जिसने परिवादी से उसकी पत्नी के नाम पट्टा जारी करने के बदले 7000 रुपए की रिश्वत की डिमांड कर रहा था बाद में वह 5500 रुपए की रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के दफ्तर में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी मूल सिंह को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवार देने आरोपी मूल सिंह को और रिश्वत के 5500 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम लेते मूल सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया द्य इस मामले की जांच कर रहे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि बरामद किए गए रिश्वत के पैसों में किसी अन्य पंचायत से जुड़े व्यक्ति का हिस्सा तो निश्चित नहीं है।

# डूंगरी बांध आंदोलनः प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस में झड़प, अजनोटी में आयोजित मीटिंग में दो धड़े बने

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में पिछले करीब सात महीना से डूंगरी बांध को लेकर किया जा रहा आंदोलन थमने का नाम ही नहीं ले रहा ईआरसीपी में डोंगरी बांध को शामिल किए जाने के विरोध में इलाके के नागरिक पिछले 7 महीना से लगातार आंदोलन कर रहे हैं स्थानीय नागरिक धरना प्रदर्शन ज्ञापन इत्यादि के माध्यम से डूंगरी बांध को ईआरसीपी में शामिलनहीं किए जाने की लगातार मांग कर रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ सरकार का कहना है कि इस योजना से क्षेत्र के लोगों का काफी भला होगा किसानों का भला होगा तथा क्षेत्र में खुशहाली आएगी और स्थानीय लोगों का कहीं भी किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा बल्कि फायदा ही फायदा होगा लेकिन स्थानीय किसान सरकार कि इस बात को मानने को बिल्कुल भी तैयार नहीं है इसलिए एक तरफ किसान अपना आंदोलन शुरू किए हुए हैं तो दूसरी तरफ सरकार साफ कह रही है कि यह योजना क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित होगी लेकिन बुधवार को प्रदर्शनकारी किसान जोरदार तरीके से अपनी मांग सवाई माधोपुर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ट्रैक्टर रैली के माध्यम से जाकर करना चाहते थे लेकिन सवाई माधोपुर जिला प्रशासन की ओर से सवाई माधोपुर जिलाधीश कार्यालय पर ट्रैक्टर रैली निकालने की मंजूरी नहीं दी जिला प्रशासन का कहना था कि इस तरह की ट्रैक्टर रैली से कई तरह की समस्याएं खड़ी होगी जिसमें ट्रैफिक और शहर का माहौल भी बिगड़ सकता है इसलिए बुधवार को जब प्रदर्शनकारी किसान अपनी मांग को लेकर ट्रैक्टर के माध्यम से सवाई माधोपुर की ओर जा रहे थे करीब ढाई सौ से ज्यादा ट्रैक्टर पर सवार किसान सवाई माधोपुर जिलाधीश कार्यालय की ओर लालसोट कोटा मेगा हाईवे से गुजर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें सवाई माधोपुर जाने से रोक दिया पुलिस का कहना था कि जब जिला प्रशासन की ओर से अनुमति ही नहीं दी गई है तो फिर उन्हें आगे जाने की परमिशन नहीं दी जाएगी इसलिए पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को अजनोटी के पास ही रोक लिया इसके बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने अजनोटी में एक बड़ी सभा का आयोजन किया इस दौरान लालसोट कोटा मेगा हाईवे पर अजनोटी से सवाई माधोपुर तक ट्रैक्टर रैली की वजह से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई इस बीच अजनोटी में प्रदर्शनकारी किसानों ने सभा का आयोजन किया सभा के बीच सभा में मौजूद बड़े नेताओं ने भाषण देना शुरू किया इस दौरान ही सभा में मौजूद एक अलग ग्रुप के किसानों ने यह कहकर विरोध जताना शुरू किया कि आंदोलन पिछले 7 महीना से कर रहे हैं लेकिन सरकार की ओर से किसी भी तरह की कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है इसलिए भाषण कब तक देते रहेंगे भाषण से काम नहीं चलेगा अब आंदोलन को दम देना होगा यह कहकर कई किसान ट्रैक्टर पर सवार होकर सवाई माधोपुर की ओर जाने लगे और दूसरे धड़े के प्रदर्शनकारी लोग अजनोटी में अपनी सभा का आयोजन करते रहे इस तरह से मीटिंग में ही प्रदर्शनकारी लोगों के दो ग्रुप बन गए।

## कहानी

### नरकासुर वध

आज की यह कहानी दीपावली से संबधित है । भागवत पुराण में बताए अनुसार, भगवान श्रीविष्णु ने वराह अवतार धारण कर भूमि देवता को समुद्र से निकाला था । इसके बाद भूमि देवता ने एक पुत्र को जन्म दिया । उसका नाम भौम था । पिता एक परमदेव और माता पुण्यात्मा होने पर भी पर भौम क्रूर था, इसलिए उसका नाम भौमासुर पड गया । वह पशुओं से भी अधिक क्रूर और अधर्मी था । जैसे जैसे उसकी आयु बढ रही थी वैसेही उसकी क्रूरता भी प्रतिदिन बढती गई । वह सबको नरक जैसी यातनाएं देता था । उसकी इन्हीं करतूतों के कारण ही उसका नाम नरकासुर पड गया ।

नरकासुर प्रागज्योतिषपुर का राजा था । उसने ब्रह्माजी की घोर तपस्या कर के वर प्राप्त कर लिया था कि उसे कोई देव-दानव-मनुष्य कोई नहीं मार सकेगा । कुछ दिनों तक तो नरकासुर अच्छे से राज्य करता रहा, किन्तु कुछ समय बाद उसके सारे असुरी अवगुण उभरकर बाहर आ गए । उसने इंद्रदेव को हराकर उन्हें नगरी से बाहर निकाल दिया । नरकासुर के अत्याचार से देवतागण त्रस्त हो गए । नरकासुर ने वरुण का छत्र, अदिति के कुण्डल और देवताओं की मणि छीन ली और त्रिलोक विजयी हो गया । उसने पृथ्वी की सहस्रों सुन्दर कन्याओं का अपहरण कर उनको बंदी बनाया और उनका शोषण करने लगा ।

नरकासुर के अत्याचार से त्रस्त हुए देवराज इंद्रदेव द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्णजी के पास गए । उन्होंने श्रीकृष्ण से प्रार्थना की, ''हे श्रीकृष्ण ! प्रागज्योतिषपुर के दैत्यराज भौमासुर के अत्याचार से देवतागण त्राहि-त्राहि कर रहे हैं । क्रूर भौमासुर ने वरुण का छत्र, अदिति के कुण्डल और देवताओं की मणि छीन ली है । वह त्रिलोक विजयी हो गया है । भौमासुर ने पृथ्वी के कई राजाओं की अतिसुन्दर कन्याओं का हरण कर उन्हें अपने बंदीगृह में डाल दिया है । प्रभु, अब आप ही हमारी रक्षा करें ।

भगवान श्रीकृष्णजी ने इंद्रदेव की प्रार्थना स्वीकार की । वे अपनी पत्नी सत्यभामा को साथ लेकर गरुड पर सवार हुए और प्रागज्योतिषपुर पहुंचे । वहां पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा की सहायता से सबसे पहले मुर दैत्य और उसके छः पुत्र- ताम्र, अंतरिक्ष, श्रवण, विभावसु, नभश्वान तथा अरुण का संहार किया ।

मुर दैत्य का वध हो जाने का समाचार सुनकर भौमासुर अपने अनेक सेनापतियों और सेना को साथ लेकर युद्ध के लिए निकला । भौमासुर को देव-दानव-मनुष्य नहीं मार सकता था; परन्तु उसे स्त्री के हाथों मरने का शाप था । इसलिए भगवान श्रीकृष्णजी ने अपनी पत्नी सत्यभामा को सारथी बनाया और घोर युद्ध में सत्यभामा की सहायता से उसका वध किया । उसे मारकर श्रीकृष्णजी ने अपने माथे पर रक्त का तिलक लगाया । अंत समय में नरकासुर ने भगवान श्रीकृष्णजी से कहा , 'आज के दिन जो कोई ब्राह्ममुहुर्त पर मंगल स्नान करेगा, उसे कोई भी दु:ख नहीं होगा, ऐसा वचन मुझे दीजिए ।' भगवान श्रीकृष्णजी ने उसे वैसा वर उसे दिया । इस प्रकार भौमासुर को मारकर भगवान श्रीकृष्णजीने उसके पुत्र भगदत्त को अभयदान दिया और उसे प्रागज्योतिष का राजा बनाया । भौमासुर के द्वारा हरण कर लाई गई 16 सहस्र कन्याओं को श्रीकृष्ण ने मुक्त कर दिया । ये सभी अपहृत कन्याए दु:खी और अपमानित थी। उस समय में भौमासुर द्वारा बंदी बनाई गई इन नारियों को कोई भी अपनाने को तैयार नहीं था, तब भगवान श्रीकृष्णजी ने सभी को आश्रय दिया । उन सभी को श्रीकृष्ण अपने साथ द्वारकापुरी ले आए । सर्व स्त्रियों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी । द्वारकानगरी में वे सभी कन्याएं स्वतंत्रता से अपनी इच्छानुसार सम्मानपूर्वक रहने लगी । नरकासुर वध का दिन कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी का था । इस दिन भगवान श्रीकृष्णजी ने नरकासुर का नाश किया इसलिए इसे 'नरकचतुर्दशी' कहते हैं ।

# संघीय ढांचे के समक्ष नए खतरे

*राज्य पुलिस ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें दस्तावेज चोरी और जबरन घुसपैठ का आरोप था। ईडी ने इसे अपनी जांच में प्रत्यक्ष बाधा बताया और सुप्रीम कोर्ट का सहारा लिया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस की प्राथमिकी पर रोक लगा दी, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया। अदालत ने इसे 'बहुत गंभीर मामला' करार दिया, जिसमें राज्य स्तर से केंद्रीय एजेंसी के कामकाज में हस्तक्षेप का पैटर्न दिखाई दे रहा है। यह घटना संघीय ढांचे के मूल सिद्धांत केंद्र की जांच शक्ति और राज्य की पुलिस अधिकारिता के बीच टकराव को उजागर करती है। इसी प्रकार झारखंड में रांची पुलिस ने ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक पूर्व सरकारी कर्मचारी की शिकायत पर आधारित थी, जिसमें ईडी के अधिकारियों पर पूछताछ के दौरान मारपीट का आरोप था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य जुटाने के लिए ईडी के कार्यालय पहुंची। ईडी ने इसे भी अपनी जांच में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप बताया और झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने पुलिस जांच पर रोक लगा दी, छापेमारी को 'पूर्व नियोजित' करार दिया और ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात करने का आदेश दिया। अदालत ने इसके लिए रांची के पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया*




भारतीय संघीय ढांचा संविधान की आधारशिला है, जिसमें केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन सातवीं अनुसूची के माध्यम से किया गया है। संघीय ढांचा सहकारी और प्रतिस्पर्धी, दोनों रूपों में कार्य करता है। इसमें राज्य कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर मुख्य अधिकार रखते हैं, जबकि मनी लांड्रिंग जैसे आर्थिक अपराध समवर्ती सूची में आते हैं, जिसके तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र जांच कर सकती हैं। हाल में पश्चिम बंगाल और झारखंड में हुईं घटनाएं इस संघीय ढांचे की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि संघीय ढांचा अब केवल संवैधानिक प्रविधानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और संस्थागत संघर्ष से प्रभावित हो रहा है।

बंगाल में ईडी ने कोयला तस्करी और मनी लांड्रिंग के एक पुराने मामले में राजनीतिक परामर्शदाता फर्म आइ-पैक के कोलकाता स्थित कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई तृणमूल कांग्रेस से जुड़ी होने के कारण राजनीतिक रूप से संवेदनशील थी, क्योंकि आइ-पैक पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करने में भी सहयोगी रहा है। छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं, जहां उन्होंने कुछ दस्तावेज और डिजिटल उपकरण ले लिए। राज्य पुलिस ने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें दस्तावेज चोरी और जबरन घुसपैठ का आरोप था।

ईडी ने इसे अपनी जांच में प्रत्यक्ष बाधा बताया और सुप्रीम कोर्ट का सहारा लिया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस की प्राथमिकी पर रोक लगा दी, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश दिया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया। अदालत ने इसे 'बहुत गंभीर मामला' करार दिया, जिसमें राज्य स्तर से केंद्रीय एजेंसी के कामकाज में हस्तक्षेप का पैटर्न दिखाई दे रहा है। यह घटना संघीय ढांचे के मूल सिद्धांत केंद्र की जांच शक्ति और राज्य की पुलिस अधिकारिता के बीच टकराव को उजागर करती है। इसी प्रकार झारखंड में रांची पुलिस ने ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक पूर्व सरकारी कर्मचारी की शिकायत पर आधारित थी, जिसमें ईडी के अधिकारियों पर पूछताछ के दौरान मारपीट का आरोप था।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य जुटाने के लिए ईडी के कार्यालय पहुंची। ईडी ने इसे भी अपनी जांच में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप बताया और झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने पुलिस जांच पर रोक लगा दी, छापेमारी को 'पूर्व नियोजित' करार दिया और ईडी कार्यालय की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात करने का आदेश दिया। अदालत ने इसके लिए रांची के पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा डालना अस्वीकार्य है। ये दोनों घटनाएं विपक्ष शासित राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ राज्य स्तर से सक्रिय प्रतिरोध दर्शाती हैं, जो संघीय ढांचे की अक्षुण्णता को चुनौती दे रही हैं।

संघीय ढांचे में यह तनाव नया नहीं है, लेकिन 2026 के आरंभ में यह चरम पर पहुंच गया है। भारतीय संविधान संघीय ढांचे को मजबूत बनाने के लिए अनुच्छेद 246 के तहत शक्तियों का विभाजन करता है। ईडी मनी लांड्रिंग निवारण अधिनियम, 2002 के तहत कार्य करता है, जो केंद्र की विशेष शक्ति है। फिर भी, राज्य पुलिस का केंद्रीय एजेंसी पर प्राथमिकी दर्ज करना या छापेमारी करना संघीय ढांचे की भावना के विरुद्ध है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह 'सहकारी संघवाद' से 'प्रतिरोधी संघवाद' की ओर संक्रमण है। बंगाल और झारखंड में ईडी की छापेमारी को रोकने के प्रयास केंद्र की बढ़ती जांच शक्ति और राज्यों के राजनीतिक प्रतिरोध के बीच गहराते संघर्ष को उजागर करते हैं।

इन दोनों घटनाओं का संघीय ढांचे पर बहुआयामी प्रभाव पड़ेगा। पहला, राजनीतिक प्रभाव-बंगाल विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और ईडी की कार्रवाई को तृणमूल कांग्रेस ने चुनावी रणनीति प्रभावित करने की साजिश बताया है। ममता बनर्जी ने विरोध प्रदर्शन किया और कहा है कि 'हमला होगा तो ताकत बढ़ेगी।' झारखंड में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार ईडी की पिछली कार्रवाइयों से प्रभावित रही है। दूसरा, संस्थागत प्रभाव-राज्य पुलिस द्वारा केंद्रीय एजेंसियों पर प्राथमिकी दर्ज करना पहले दुर्लभ था, लेकिन अब यह पैटर्न बन रहा है। सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों ने बार-बार ईडी के पक्ष में फैसले दिए हैं, जो केंद्र की जांच शक्ति को मजबूत करते हैं।

तीसरा, संवैधानिक प्रभाव-अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र राज्य सरकार को बर्खास्त कर सकता है, लेकिन यहां राज्य अपनी पुलिस शक्ति का इस्तेमाल केंद्र के खिलाफ कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

### नाम, उम्र, उपनाम... और वोट का सवाल



निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के संदर्भ में एक सबसे अहम अपेक्षा यह रही है कि इसे पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए। कई तरह के विवादों के बीच विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई एक प्रमुख मांग भी यही है। इस मसले पर निर्वाचन आयोग की यही दलील रही है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य अपात्र लोगों को बाहर करना है। इसमें स्थान बदलने वाले लोगों से लेकर वैसे लोग भी शामिल होंगे, जिनकी मौत हो चुकी है। इस घोषित मकसद से किसी को आपत्ति नहीं होगी, लेकिन अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूची से जितनी बड़ी तादाद में लोगों के नाम बाहर होने की खबरें आईं हैं, उसे लेकर कई सवाल उठे हैं। इसकी जड़ में मुख्य कारण इस समूची प्रक्रिया में अपेक्षित पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं किया जाना हो सकता है और इसीलिए आम नागरिकों के बीच तमाम आशंकाएं उभरीं। अगर एसआइआर की प्रक्रिया को शुरू से आखिर तक पूरी तरह पारदर्शी बनाने की व्यवस्था की जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद नहीं खड़े होते। अब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस समूची कवायद में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पूरी तरह पारदर्शी ढंग से हो और इससे लोगों को अनावश्यक तनाव तथा असुविधा न हो। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान ऐसी तमाम शिकायतें सामने आईं कि मनमाने तरीके से नागरिकों के नाम बाहर किए गए। कई जगहों पर लोगों को समय पर इसकी जानकारी भी नहीं हुई और उनका नाम मतदाता सूची से हट गया। जाहिर है, निर्वाचन आयोग की ओर से यह प्रक्रिया जिस स्तर पर चलाई गई, उसमें मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को सूचित करने और उन्हें अवसर देने को लेकर सवाल उठे। पश्चिम बंगाल में भी चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम, उपनाम, आयु में गड़बड़ी आदि की वजह से करीब एक करोड़ पच्चीस लाख मतदाताओं को तार्किक विसंगति नोटिस जारी किया था। इस संदर्भ में शीर्ष अदालत ने आयोग को निर्देश दिया कि वह किसी भी तरह की गड़बड़ी वाली मतदाता सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रखंड कार्यालय और वार्ड कार्यालय में सार्वजनिक तौर पर लगाए, ताकि लोगों को पता चल सके। सवाल है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को पूरी तरह पारदर्शी बनाने का जो काम निर्वाचन आयोग को अपनी प्रक्रिया में प्राथमिक स्तर पर खुद ही अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए था, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ रही है। तार्किक विसंगति के दायरे में आए सभी नामों को सार्वजनिक करने के अलावा मतदाता सूची में नाम होने के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल करने को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था। सच यह है कि बिहार सहित देश के जिन राज्यों में मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया संचालित की गई

# न्याय की प्रतीक्षा में कश्मीरी हिंदू

*5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटने के बाद से करीब पांच हजार कश्मीरी हिंदुओं को प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं, लेकिन उनमें से कई सुरक्षा के भय से फिर से पलायन कर गए। आज कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं की कुल आबादी दस हजार से भी कम है। इसके बाद भी कोई न तो कश्मीरियत की बात करता है और न ही इंसानियत की। जम्हूरियत की बात अवश्य होती है। फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों को अपने घरों को लौटने के मामले में यह भी कहा कि वैसे अब उनकी स्थायी वापसी मुश्किल है, क्योंकि वे देश के अन्य हिस्सों में बस चुके हैं और उनके बच्चे पढ़ाई और रोजगार में व्यस्त हैं। यह एक हद तक सच भी है, विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के जो बच्चे देश-विदेश में रह रहे हैं, उनका कश्मीर से उतना जुड़ाव नहीं है जितना उनके माता-पिता का है, क्योंकि उनमें से अनेक*

जनवरी की 19 तारीख आई और चली गई, लेकिन विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं की ओर मुश्किल से ही किसी का ध्यान गया। हां, फारूक अब्दुल्ला ने यह कहकर उनके जख्मों पर नमक अवश्य छिड़का कि आखिर कश्मीरी हिंदुओं को अपने घरों को लौटने से किसने रोका है? उनकी मानें तो कश्मीरी हिंदू जब चाहें, तब घाटी लौट सकते हैं और आराम से अपने घरों में रह सकते हैं, पर यह सच नहीं। कश्मीर का माहौल अभी ऐसा नहीं कि कश्मीरी हिंदू बिना किसी भय-आशंका के अपने घरों को लौट सकें। 19 जनवरी, 1990 को कश्मीरी हिंदुओं के पलायन दिवस के तौर पर जाना जाता है।

वैसे तो कश्मीर से कश्मीरी हिंदुओं का पलायन 1990 के पहले ही शुरू हो गया था, लेकिन इस वर्ष की 19 जनवरी वह तिथि थी, जब उनका सामूहिक तौर पर बड़ी संख्या में पलायन हुआ। 36 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन उनके अपने घरों को लौटने की कोई सूरत नहीं और अब तो वे इसकी उम्मीद भी छोड़ चुके हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर से विभाजनकारी अनुच्छेद 370 और 35 ए हटने के बाद भी उनकी वापसी की कोई सही राह नहीं निकल पा रही है। इसलिए नहीं निकल पा रही है, क्योंकि आतंकवाद में कमी आने के बाद कश्मीर का माहौल वैसा नहीं कि कश्मीरी हिंदू निश्चिंतता के साथ वहां लौटने का सोच सकें। वे ऐसा इसलिए नहीं सोच पा रहे हैं, क्योंकि कश्मीर में जब-तब उन्हें निशाना बना लिया जाता है।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटने के बाद से करीब पांच हजार कश्मीरी हिंदुओं को प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं, लेकिन उनमें से कई सुरक्षा के भय से फिर से पलायन कर गए। आज कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं की कुल आबादी दस हजार से भी कम है। इसके बाद भी कोई न तो कश्मीरियत की बात करता है और न ही इंसानियत की। जम्हूरियत की बात अवश्य होती है।




फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीरी पंडितों को अपने घरों को लौटने के मामले में यह भी कहा कि वैसे अब उनकी स्थायी वापसी मुश्किल है, क्योंकि वे देश के अन्य हिस्सों में बस चुके हैं और उनके बच्चे पढ़ाई और रोजगार में व्यस्त हैं।

यह एक हद तक सच भी है, विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के जो बच्चे देश-विदेश में रह रहे हैं, उनका कश्मीर से उतना जुड़ाव नहीं है जितना उनके माता-पिता का है, क्योंकि उनमें से अनेक के पास वहां की यादें ही नहीं हैं। इनमें से तमाम कश्मीर के बाहर जम्मू, दिल्ली या देश के अन्य शहरों में पैदा हुए और पले-बढ़े, लेकिन एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 62 प्रतिशत विस्थापित कश्मीरी हिंदू सुरक्षा की गारंटी मिलने पर अपने घरों को लौटना चाहते हैं। इसके बाद भी पिछले पांच वर्षों में 610 कश्मीरी हिंदुओं को ही उनकी जमीनें वापस दिलाई जा सकी हैं। अनेक कश्मीरी हिंदू ऐसे हैं, जो अपने घरों को संरक्षित देखना चाहते हैं, ताकि वे कभी वहां जाकर कुछ समय बिता सकें और अपनी जड़ों से जुड़ सकें। वे इसलिए अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहते हैं ताकि उनकी संस्कृति संरक्षित रहे। 1989-90 में कश्मीर में जब आतंकवाद अपने चरम पर था और वहां कश्मीरी हिंदुओं के खिलाफ खौफनाक नारे लग रहे थे और उन्हें चुन-चुन कर मारा जा रहा था, तब कितने कश्मीरी हिंदुओं और सिखों ने अपना घर-बार छोड़ा, इसकी संख्या को लेकर मतभेद है, लेकिन यह तथ्य है कि अपनी बचाकर भागे करीब 50 हजार कश्मीरी हिंदू जम्मू के शरणार्थी शिविरों में लंबे समय तक रहे। इससे बड़ी त्रासदी और कोई नहीं कि कोई अपने ही देश में शरणार्थी बन जाए, लेकिन कश्मीरी हिंदुओं के साथ ऐसा ही हुआ।

# ट्रंप लगातार दे रहे टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी

वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कराने और ईरान समेत अन्य दक्षिण अमेरिकी देशों को धमकाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह रूस से तेल खरीद के मामले में भारत पर टैरिफ बढ़ाने चेतावनी दी, वह उनके बढ़ते अहंकार का नया प्रमाण है। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे हैं, लेकिन वे जानते हैं कि रूस से तेल खरीदने के कारण मैं उनसे खुश नहीं और मुझे खुश करना जरूरी है, उससे उनकी तानाशाही मानसिकता ही प्रकट होती है। वे न केवल पूरी तरह बेलगाम दिख रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक शिष्टाचार की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं। वे ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे दुनिया के थानेदार हों



या फिर उन्हें विश्व को अपने हिसाब से चलाने का जनादेश मिला हुआ है। वे अपने साथ अमेरिका की भी फजीहत करा रहे हैं। यदि वे यह समझ रहे हैं कि उनके रवैये से उनकी या अमेरिका की साख बढ़ रही है तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अमेरिका केवल अपनी साख ही नहीं गंवा रहा है, बल्कि एक ऐसे गैर जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो विश्व व्यवस्था को छिन्न-भिन्न कर दुनिया को अराजकता की ओर धकेल रहा है। इसके दुष्परिणाम अमेरिका को भी भोगने होंगे, क्योंकि विश्व के तमाम राष्ट्र उनसे तंग आ चुके हैं और यह एक तथ्य है कि आज अमेरिका उतना सशक्त नहीं, जितना पहले हुआ करता था। ट्रंप अपने अहं को पूरा करने के लिए जिस तरह अपने मित्र राष्ट्रों से भी बैर मोल ले रहे हैं, वह उन्हें महंगा पड़ सकता है, क्योंकि उनका मनमानापन विश्व के देशों को अमेरिका के खिलाफ एकजुट होने को मजबूर कर रहा है। यह बहुत दिनों तक संभव नहीं कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तो मनमानी करे और विश्व से नियम-कानूनों के हिसाब से चलने की अपेक्षा करे। वे जिस तरह अस्थिरता फैला रहे हैं, उससे विश्व शांति ही नहीं, अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ रही है। ट्रंप ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ थोप रखा है। इसमें 25 प्रतिशत व्यापार समझौता न हो पाने और 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण है। यदि वे और टैरिफ बढ़ाते हैं तो यह एक तरह से भारत पर पाबंदी लगाने जैसा होगा। यह ठीक है कि भारत को अमेरिकी सहयोग की आवश्यकता है

## बाबूलाल शर्मा बने सर्व ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बाबूलाल शर्मा जयपुर जिला अध्यक्ष को सर्व ब्राह्मण महासभा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। मिश्रा ने कहा कि शर्मा पिछले 30 वर्षों से समाज की सेवा कर रहे हैं। शर्मा जलदाय विभाग में कर्मचारी नेता होने के साथ-साथ समाज को भी पूरा समय दे रहे हैं और बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। इन्होंने समाज को संगठित करने में और समाज के हर आंदोलन में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है।

## मुरलीपुरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 25 को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।।** मुरलीपुरा पिंकसिटी डॉक्टर क्लिनिक, मुरलीपुरा में 25 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें जयपुर व चंडीगढ़ से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क व तंत्रिका रोग, लिवर व गैस्ट्रो रोग, जनरल सर्जरी, लिवर ट्रांसप्लांट और स्त्री रोग से संबंधित निःशुल्क परामर्श उपलब्ध रहेगा। शिविर में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रवि जाखड़, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अनिल कुमार चौधरी, लिवर व गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश कुमार भूरिया, जनरल व लिवर सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सरोज चौधरी मरीजों की जांच करेंगे। आयोजकों के अनुसार शिविर के दौरान बीपी, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल और नसों की जांच (न्यूरोपैथी) निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा ईसीजी, 2डी व 3डी ईको, सोनोग्राफी, ईईजी और एनसीवी जांचों पर 50 प्रतिशत तक की छूट भी दी जाएगी। शिविर का आयोजन पिंकसिटी डॉक्टर क्लिनिक, 118, सूर्य नगर, मुरलीपुरा में किया जाएगा। अधिक भीड़ और असुविधा से बचने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर 6376612489 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बेरासर छोटा स्कूल में डेढ़ लाख की लागत से लगे 24 सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** सादुलपुर के निकटवर्ती गांव बेरासर छोटा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरासर छोटा में सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समारोह की अध्यक्षता प्रशासक सरपंच महावीर पुनिया ने की। सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन अहमदाबाद प्रवासी भामाशाह राजकुमार अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल व राहुल अग्रवाल ने किया। भामाशाह परिवार की ओर से लगभग डेढ़ लाख रुपये की लागत से विद्यालय परिसर में 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इस अवसर पर रामावतार बेरासरिया ने कहा कि भामाशाहों के सहयोग से गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय के सामने प्याऊ निर्माण करवाने की भी घोषणा की। भामाशाह सज्जन अग्रवाल ने कहा कि इसी विद्यालय से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है और आज यहां सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है, जिससे पुरानी यादें ताजा हो गईं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में विशेष सहयोग देने पर अध्यापक सुनील कुमार व सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने पर इमरान कुरैशी का माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। संस्था प्रधान मनफूल जांगिड़ ने सभी आगंतुकों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। समारोह में एडवोकेट गायत्री पूनिया, जयवीर झोथड़ा, राजवीर पूनिया, बिनोद पूनिया सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब में दिनेश कुमार सैनी डीके की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य दिनेश कुमार सैनी (डी.के.) के आकस्मिक निधन पर प्रेस क्लब में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी ने कहा कि हमारे साथी कार्यकारिणी सदस्य का यूं ही चला जाना इस घटना पर विश्वास नही हो रहा। उन्होंने बताया कि जिंदादिल एवं नेक इंसान डी.के. सैनी के परिवार को प्रेस क्लब परिवार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। युवा एवं खेलकूद मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि दिनेश काफी उर्जावान एवं जिंदादिल इंसान थे। उन्होनें दिल्ली में उनके साथ काम करने के समय को याद करते हुए सैनी के परिवार को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। विधायक गोपाल शर्मा एवं भाजपा नेता रवि नैय्यर ने सैनी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व पर बात की साथ ही परिजनों को सहयोग करने का आश्वासन दिया। शोक सभा में क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव मुकेश चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा कार्यकारिणी सदस्य मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, अनिता शर्मा, निखलेश कुमार शर्मा, उमंग माथुर, विकास आर्य, क्लब संस्थापक सदस्य जगदीश शर्मा, क्लब के पूर्व अध्यक्ष एल.एल. शर्मा, नीरज मेहरा, अभय जोशी, पूर्व महासचिव ललित शर्मा, हरीश गुप्ता, रोशन लाल शर्मा, रामेन्द्र सोलंकी, पूर्व उपाध्यक्ष भागरीथ, सुनील शर्मा, संतोष शर्मा, विजेन्द्र जायसवाल, दिलीप सिंह, राहुल भारद्वाज, पूर्व कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, एवं वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, शंकर शिखर, प्रदीप सिंह, डॉ. मिथलेश जैमिनी, योगेन्द्र शर्मा, निखिल शर्मा, अरविन्द शर्मा, दिनेश डाबी, उपस्थित पत्रकारों ने उनके जीवन से जुड़े तथ्यों पर अपने शब्द साझा कर उन्हें याद किया।

### जिला सम्मेलन सम्पन्न

# किसान सभा की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय जिला सम्मेलन जाट छात्रावास में नई कार्यकारणी के चुनाव के साथ सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय किसान सभा की सुजानगढ़ में नींव रखने वाले कॉमरेड सुगनाराम रुलानिया की 5 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रदेशाध्यक्ष पेमाराम पूर्व विधायक ने बताया कि कॉमरेड सुगनाराम ने अपना पूरा जीवन किसानों और मजदूर वर्ग के संघर्ष में समर्पित किया था। आज उनको श्रद्धांजलि देकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करना होगा, तभी उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सम्मेलन में दो दिन तक किसानों के अनेक मुद्दों को लेकर प्रस्ताव पास किए गए और सुजानगढ़ को जिला बनाने का प्रस्ताव भी पास किया गया, जो सरकार को भेजा जाएगा। प्रभारी सागर खाचरिया ने बताया कि संगठन चूरू जिले में प्रत्येक गांव में हो उसके लिए जिला कमेटी गांव गांव में ग्राम कमेटियों का निर्माण कर मजबूती से आंदोलन लड़ेगी। राज्य कमेटी सदस्य निर्मल प्रजापत ने बताया कि बीमा क्लेम को लेकर सरकार की मंशा किसानों के पक्ष में नहीं है, बीमा क्लेम को लेकर एक बार जिले में जबरदस्त निर्णायक आंदोलन करेंगे। राज्य महामंत्री छगनलाल चौधरी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाले दिनों में किसान सभा का राज्य सम्मेलन चूरू जिले के तारानगर तहसील में होगा जो ऐतिहासिक होगा। जिला सम्मेलन में नई कार्यकारणी का चुनाव किया गया, जिसमें 31 सदस्य जिला कार्यकारणी और 5 सदस्य स्थाई आमंत्रित लिए गए। जिला अध्यक्ष इंद्राजसिंह, उपाध्यक्ष चिमनाराम पांडर, मदन जाखड़, काशीराम सारण, मंत्री उमराव सिंह, संयुक्त सचिव रामनारायण रुलानिया, रामकृष्ण छींपा, गौरीशंकर कोषाध्यक्ष, दीपाराम प्रजापत को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य में बेगराज, पूर्णाराम सरावग, भगवानराम जाखड़, विक्रम सोनी, रामकरण भांभू, भादर भांभू, मनीराम कड़वासरा, गोदावरी, सावरमल मेघवाल, कुमाराम जाखड़, मुनेश पुनिया, सोनू जिलेवा, राजबाला, कुरड़ाराम, बेगराज मील, रामनिवास लाम्बा, बिरजूराम खीचड़, सावरमल डूडी, हाकम सिंह, महेंद्र भाकर, रामदेव भाकर, शमशेर खान आदि शामिल हैं। सम्मेलन में समापन सत्र को संबोधित करते हुए स्वागत समिति के रामनारायण रुलानिया ने सबको धन्यवाद देते हुए बताया कि सफल जिला सम्मेलन करवाने के लिए सुजानगढ़ के लोगों का पूर्णतय सहयोग रहा। किसान सभा के स्थानीय अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने राज्य व जिलेभर से आए डेलीगेट्स का आभार जताया। कार्यक्रम में लक्ष्मणराम गोदारा, सहीराम बिजारणिया, नारायण शर्मा, रामनिवास ढाका, लियाकत खा, पवन भोजक, भंवरलाल बुगालिया, दीनदयाल गुलेरिया, रविन्द्र प्रताप सिंह व एसएफआई कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मेलन समापन पर इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

## सड़क सुरक्षा अभियानः नियमों की जानकारी देकर आमजन को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स




**नावांशहर(निस)।** परिवहन विभाग व पुलिस की ओर से शहर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आमजन को परिवहन नियमों की जानकारी दी गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों को हिदायत देकर छोड़ा गया। परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर योगेश मालाकार व नावा थाने के हेड कांस्टेबल रामकल्याण के नेतृत्व में यह अभियान ननावां-सांभर चौराहा, राजकीय महाविद्यालय के सामने सहित विभिन्न स्थानों पर चलाया गया। इस दौरान नावां पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने वाहन चालकों से समझाइश की और हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात संकेतों का सम्मान करने की अपील की। अभियान के दौरान गोविन्दी टोल के पास स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सुरक्षित वाहन चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## नावां में तहसीलदार की कार्रवाई से मचा हड़कंप, खेजड़ी की गीली लकड़ी जब्त

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की। तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सांभर सॉल्ट के परिसर में औचक निरीक्षण कर राज्य वृक्ष खेजड़ी की अवैध रूप से संग्रहित गीली लकड़ी को जब्त किया। प्रशासन को प्राप्त सूचना के आधार पर तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल ने पटवारी व राजस्व अमले के साथ कंपनी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईंधन/वेद प्रयोजन के लिए रखी गई खेजड़ी की लकड़ी संदिग्ध पाई गई। खेजड़ी राज्य का संरक्षित वृक्ष है, जिसकी कटाई, परिवहन व उपयोग पर कानूनी रूप से सख्त प्रतिबंध लागू है। मौके पर लकड़ी से संबंधित कोई वैध अनुमति अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासन ने लकड़ी जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की। तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल ने बताया कि इस संबंध में सांभर साल्ट लिमिटेड को नोटिस जारी कर लकड़ी से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में कंपनी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के साथ नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व राज्य वृक्ष खेजड़ी की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान पटवारी व राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान, भंडारण व कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है।

### तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल की कार्यशैली की हो रही वाहवाही

## राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय की भूमि से हटाया अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** नावां शहर में तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल इन दिनों चर्चाओं में हैं। उनकी कार्यशैली की जमकर वाह वाही हो रही है। कस्बे में बुधवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय नावां के लिए आवंटित भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार नावां रामेश्वर गढ़वाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से भूमि को साफ कर पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल ने बताया कि यह भूमि पूर्व में राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के निर्माण के लिए आवंटित की जा चुकी थी, लेकिन कुछ लोगों ने उस पर अवैध कब्जा कर लिया था। सूचना मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया गया और भूमि को पुनः संबंधित विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पटवारी सहित राजस्व व प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन की इस सख्ती के बाद स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि अब नर्सिंग महाविद्यालय के निर्माण कार्य में तेजी आएगी, जिससे क्षेत्र को स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में नई सौगात मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भूमि पर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी की जाएगी और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## अरावली संरक्षण यात्रा का गुजरात से होगा शुभारंभ, 700 किलोमीटर में जुड़ेगा जनसंवाद

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निंस.)।** भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला अरावली के संरक्षण को लेकर एक व्यापक जनआंदोलन की शुरुआत गुरुवार को दिल्ली से होने जा रही है। इसी अवसर पर 'अरावली विरासत जन अभियान' के तत्वावधान में इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर के पर्यावरणविद, सामाजिक कार्यकर्ता और जनसंगठन मीडिया से संवाद करेंगे।यह प्रेस कांफ्रेंस 700 किलोमीटर लंबी 'अरावली संरक्षण यात्रा' के शुभारंभ के लिए आयोजित की जा रही है। यह यात्रा चार राज्यों से होकर 40 दिनों से अधिक समय तक चलेगी और अरावली की गोद में बसे समुदायों से सीधा संवाद स्थापित करेगी। यात्रा का उद्देश्य पर्यावरणीय विनाश, आजीविका पर संकट और सांस्कृतिक विरासत के क्षरण जैसे मुद्दों को सामने लाना है।प्रेस सम्मेलन में अरावली पर्वत श्रृंखला की वर्तमान स्थिति, अवैध खनन, जल संकट, वन अधिकारों और ग्रामीण समुदायों के संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वक्ता यह भी बताएंगे कि अरावली संरक्षण यात्रा क्यों आज के समय में अत्यंत आवश्यक है और यह जनभागीदारी के माध्यम से किस तरह बदलाव की दिशा में एक सशक्त कदम है।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त जल वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह, पीपल फॉर अरावली की संस्थापक नीलम अहलूवालिया, राजस्थान के सीकर जिले से पर्यावरणविद कैलाश मीना, राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा के समन्वयक वीरेंद्र मौर, आदिवासी एकता परिषद की कुसुम रावत तथा स्टैंड विद नेचर के संस्थापक लोकेश भिवानी मुख्य वक्ता होंगे।प्रेस कांफ्रेंस गुरुवार, 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प, 5 विंडसर प्लेस, अशोक रोड, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मीडिया प्रतिनिधियों से इस महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल में सहभागिता का आग्रह किया है।

## प्रतिभाशाली शिक्षकों का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा आमेर के तत्वावधान में सेवड़ माता मंदिर प्रांगण में सहायक आचार्य (भूगोल) पद पर चयनित शिक्षकों के सम्मान में अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन कस्बे के सेवड़ माता मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर उपशाखा आमेर के मंत्री रोनित यादव व उनकी पत्नी लक्ष्मी यादव के एक साथ सहायक आचार्य (भूगोल) पद पर चयन होने तथा उपशाखा आमेर के कोषाध्यक्ष छीतरमल मुवाल की पुत्रवधू शिक्षिका मनीषा सेरावत मुवाल के सहायक आचार्य पद पर चयन होने पर तीनों प्रतिभाशाली शिक्षकों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर, श्रीफल देकर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत, सम्मान व अभिनंदन किया गया

यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि संगठन और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। लक्ष्मी यादव ने प्रदेश में महिला वर्ग में प्रथम स्थान एवं ओवरऑल चौथी रैंक जबकि प्रियंका सेरावत ने संपूर्ण राजस्थान में 68वीं रैंक, रोनित यादव ने 23वीं रैंक हासिल की। समारोह मुख्य अतिथि जिला सभाध्यक्ष मदन कुमार मीणा ने संबोधन में कहा कि चयनित शिक्षकों ने संगठन की सेवा, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाकर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के कार्यकर्ता माँ भारती की सेवा करते हुए न केवल समाज को दिशा देते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी उच्च शिखर तक पहुँचाते हैं। उन्होंने तीनों शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन से निरंतर जुड़े रहकर राष्ट्र, समाज और शिक्षा के क्षेत्र में सेवा करने का आह्वान किया। मंच संचालन उपशाखा आमेर अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद राम रतन देवंदा, अरविंद कुमार जांगिड़, मूलचंद मीणा, रोहिताश दादरवाल, मंजू यादव, सुरेंद्र शर्मा, बद्री जाट, बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के खिलाफ नवलगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई



### देशी कट्टा-पिस्टल व 5 जिंदा कारतूस जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़ (झुंझुनू)।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवलगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस के मार्गदर्शन तथा वृताधिकारी नवलगढ़ महावीर सिंह आरपीएस के सुपरविजन में की गई। पुलिस निरीक्षक अजय सिंह थानाधिकारी नवलगढ़ के नेतृत्व में गठित टीम ने 20 जनवरी को माताजी की ढाणी के कच्चे रास्ते पर रेलवे अंडरपास के पास दबिश देकर यह कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस ने मौके से चार युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा, जिनके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में नरेन्द्र सिंह (26) निवासी नून्द, थाना डेगाना जिला नागौर, अशोक मील (20) निवासी मिलों का बास, तन कैरु थाना नवलगढ़, हितेन्द्र सिंह (19) निवासी गांवली, थाना जमवारामगढ़ जिला जयपुर और देवेन्द्र कुमार (18) निवासी गोठड़ा, हाल आबाद झाझड़ थाना गोठड़ा जिला झुंझुनू शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अवैध हथियारों की आपूर्ति और उपयोग के संबंध में विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

## पौष बड़ा और भजन संध्या आज

जयपुर टाइम्स

चाकसू(निस)। चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा क्षेत्र में श्री श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में द्वितीय पौष बड़ा महोत्सव कार्यक्रम? गुरुवार को को आयोजित किया जाएगा। वहीं भजन संध्या व द्वितीय विशाल पौषबड़ा महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर श्याम प्रेमियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

राजस्थान सरकार

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग**

जी- 9 / 1, अम्बेडकर भवन राजमहल पेलेस के पास, जयपुर ।


क्रमांकः- एफ. 4( स्टोर / सान्याअवि/25/ जयपुर, दिनांक :-यथा ई-हस्ताक्षरित

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि निदेशालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुपयोगी / नाकारा सामान जैसे विभिन्न प्रकार के मरम्मत एवं नवीन निर्माण के दौरान निकले डक्टिंग (लोहे की चद्दर, बलोर, जी0आई0पाइप एवं मोटर इत्यादि) अन्य लोहे का नाकारा सामान ( कबाड़ ) इत्यादि की नीलामी खुली बोली द्वारा बारे में दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 11 बजे होगी। सामान की सूची व शर्तें आदि कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर सूचनापट्ट से जानकारी ली जा सकती है।

| नीलामी का स्थान | नीलामी की तिथि व समय | आरक्षित राशि (रुपये में) | धरोहर राशि रु. |
|---|---|---|---|
| निदेशालय परिसर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग | 29/01/26 प्रातः 11.00 बजे | 1.20 लाख | 2500/- |

(आशीष मोदी)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव



# ऋतिक के करियर का 2.0 फेज शुरू, एक्टिंग के साथ-साथ अब प्रोडक्शन पर भी लगा रहे बड़ा दांव

ऋतिक रोशन दो दशक से ज्यादा समय तक हिंदी सिनेमा में बतौर सुपरस्टार अपनी मजबूत बनाए हुए हैं। अब वह अपने करियर के अगले फेज की तैयारी में जुट गए हैं। 2026-27 के लिए तैयार उनका रोडमैप साफ संकेत देता है कि अभिनय के साथ-साथ अब उनका फोकस फिल्म निर्माण और कंटेंट आईपी पर भी है। अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए ऋतिक डिजिटल और फिल्म प्रोडक्शन स्पेस में भी निवेश कर रहे हैं, ताकि वह सिर्फ एक्टर नहीं, बल्कि कंटेंट ओनर के रूप में भी खुद को स्थापित कर सकें। स्टॉर्म बतौर निर्माता ऋतिक का डेब्यू प्रोजेक्ट है। अक्टूबर 2025 में स्ट्रीमिंग कंटेंट की आधिकारिक घोषणा के बाद इस थ्रिलर सीरीज की शूटिंग नवंबर में मुंबई में शुरू हुई थी और इसे फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
इस सीरीज को टब्बर फेम अजीतपाल सिंह ने क्रिएट और डायरेक्ट किया है। बताया जाता है कि ऋतिक और अजीतपाल ने इस कहानी को लगभग तीन साल तक डेवलप किया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो और HRX फिल्म्स के बीच हुई बड़ी प्लेटफॉर्म पार्टनरशिप का हिस्सा है। इसे ऋतिक के डिजिटल कदम की मजबूत शुरुआत माना जा रहा है।

## एक्टिंग के लिए हाई-बजट प्रोजेक्ट चुन रहे ऋतिक

ऋतिक ने आने वाले दो वर्षों के लिए बेहद चुनिंदा हाई-बजट प्रोजेक्ट्स चुने हैं। वॉर 3 को लेकर भले ही अनाउंसमेंट नहीं हुई हो, लेकिन इसे 2027 की सबसे बड़ी फिल्मों में गिना जा रहा है। कृष 4 पर भी काम तेजी से जारी है।

## बैलेंस पोर्टफोलियो की ओर करियर ले जा रहे सुपरस्टार

ट्रेड के मुताबिक, ऋतिक का यह ट्रांजिशन पूरी तरह प्लांड है। बदलते दौर में जहां सुपरस्टार्स के लिए सिर्फ बॉक्स ऑफिस नहीं, बल्कि डिजिटल राइट्स और आईपी ओनरशिप भी अहम हो गई है, वहीं ऋतिक अपने करियर को बैलेंस पोर्टफोलियो की ओर ले जा रहे हैं। एक तरफ वॉर 3 और कृष 4 जैसी मास अपील फिल्में, तो दूसरी तरफ स्टॉर्म जैसे कंटेंट-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स। आने वाले समय में यही संतुलन तय करेगा कि ऋतिक बतौर निर्माता कितने प्रभावी होते हैं।



# पहली फिल्म है तो किरदार नहीं, काम मिलना सबसे जरूरी होता है

पारुल गुलाटी ने कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के साथ किस किस को प्यार करूं 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अपने किरदार और शूटिंग के अनुभवों को लेकर पारुल ने बातचीत की।

**इस फिल्म से आप कैसे जुड़ीं?**

इस फिल्म से मैं अपनी एजेंसी के जरिए जुड़ी थी। वहीं मुझे पता चला कि एक ऐसा प्रोजेक्ट चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नैरेशन के लिए जाना होगा, तो हमारे डायरेक्टर अनुकल्प जी के साथ मेरा नैरेशन हुआ। कहानी सुनते समय हमारी हंसी रुकी ही नहीं। सबसे खास बात यह थी कि कपिल शर्मा इसमें है, यह जानकर बहुत खुशी हुई। साथ ही अब्बास मस्तान भी इस इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। कुल मिलाकर यह मेरे लिए एक परफेक्ट प्रोजेक्ट था, बिल्कुल वैसे जैसा मैं अपने पहले प्रोजेक्ट के बारे में सोचती थी।

**कॉमेडी में टाइमिंग्स के लिए क्या किया?**

इसके लिए मैंने कोई अलग तैयारी नहीं की थी। सच कहूं तो मैंने कपिल शर्मा शो भी नहीं देखा, क्योंकि मुझे लगा था कि शायद मुझे डर लगेगा।

**सेट पर आपकी बॉन्डिंग कैसी थी?**

कपिल काफी मजाक-मस्ती करते रहते हैं। जब भी वो सेट पर होते थे, मुझे लगता था कि वो मुझसे उम्र और अनुभव में बहुत बड़े हैं, इसलिए उनके साथ मैं ज्यादा हमस्ती नहीं की।

**अच्छा किरदार ज्यादा मायने रखता है या बड़ा प्रोजेक्ट?**

अगर यह पहली फिल्म है, तो सबसे अहम है कि आपको काम मिल रहा है। इस फिल्म में मुझे किरदार की अहमियत के बारे में ज्यादा सोचना नहीं पड़ा क्योंकि यह कॉमेडी फिल्म थी।

# चोट से उबरने के बाद ईथा पर फिर जुटीं श्रद्धा

साल 2026 श्रद्धा कपूर के करियर के लिए बेहद कपूर हम और व्यस्त रहने वाला है। श्रद्धा फिलहाल बायोपिक फिल्म ईथा के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में जुटी हैं, जिसमें वह मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। मार्च 2026 के अंत तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। डांस सीक्वेंस के दौरान लगी चोट के कारण शूट कुछ समय के लिए रुका था लेकिन अब काम फिर रफ्तार पकड़ चुका है। यह फिल्म श्रद्धा के लिए खास है, क्योंकि इसमें उन्हें एक लोक कलाकार की जिंदगी, शारीरिक भाषा और संघर्ष को परदे पर उतारना है। ईथा के बाद श्रद्धा अप्रैल 2026 से अपनी बहुचर्चित फैंटेसी फिल्म नागिन की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। लंबे समय से प्री-प्रोडक्शन और वीएफएक्स पर काम कर रही इस फिल्म में श्रद्धा इच्छाधारी नागिन के किरदार में नजर आएंगी। चर्चा है कि नागिन सिर्फ एक स्टैंडअलोन फिल्म नहीं, बल्कि एक बड़े फैंटेसी यूनिवर्स की शुरुआत हो सकती है। सोशल मीडिया पर यह थ्योरी भी चल रही है कि इस फिल्म का कनेक्शन श्रद्धा के सुपरहिट किरदार स्त्री से जोड़ा जा सकता है।
स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पर तेजी हो रहा काम, श्रद्धा की हिट फेंचाइज स्त्री के तीसरे भाग को लेकर भी हलचल तेज है। स्त्री 2 की बड़ी सफलता के बाद मेकर्स अब स्त्री 3 की स्क्रिप्ट और कास्टिंग पर तेजी से काम कर रहे हैं। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, इस बार श्रद्धा के किरदार की शक्तियों के स्रोत और उसकी असली पहचान का खुलासा हो सकता है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि नागिन और स्त्री के बीच किसी तरह का क्रॉसओवर देखने को मिल सकता है।





# फिल्म द ग्रेट एस्केप: फरार में मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसे होगा नवाज का रोल

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म द ग्रेट एस्केप: फरार अपने अनोखे कॉन्सेप्ट, ग्लोबल टीम और तकनीकी तैयारी के कारण चर्चा में है। कुशाग्र शर्मा निर्देशित यह एस्केप-थ्रिलर ताकत से ज्यादा दिमाग, विज्ञान और रणनीति पर आधारित है। फिल्म एक आम-से दिखने वाले फिजिक्स प्रोफेसर की कहानी है, जो अपनी समझदारी और साइंटिफिक प्रिंसिपल्स से अंतरराष्ट्रीय संकट से निकलने की कोशिश करता है। फिल्म में नवाजुद्दीन का किरदार निर्देशक ने मनी हाइस्ट के प्रोफेसर जैसी इंटेलिजेंट अप्रोच से जोड़ा है, हालांकि समानता सिर्फ रणनीति और प्लानिंग तक सीमित है। कहानी और ट्रीटमेंट पूरी तरह भारतीय संदर्भ में है। नवाजुद्दीन ने फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभाते हुए संवादों से आगे बढ़कर कई साइंटिफिक कॉन्सेप्ट्स समझे, सेट पर प्रयोग किए और किरदार को वास्तविक बनाने के लिए तकनीकी डिटेल्स पर खास मेहनत की। फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसका ग्लोबल एसोसिएशन है। हॉलीवुड एक्टर इलिया वोलोक फिल्म में मुख्य खलनायक हैं, जो मिशन इम्पॉसिबल, इंडियाना जोन्स और जेमिनी मैन जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। नवाजुद्दीन के साथ मलयालम स्टार निमिषा सजयन उनकी पत्नी का रोल निभा रही हैं। इसके अलावा यंगेस्ट नेशनल अवॉर्ड विनर त्रिशा भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा थाईलैंड, बैंकॉक और पटाया में शूट किया गया। लोकेशंस सिर्फ ग्लेमर के लिए नहीं, बल्कि कहानी की जरूरत के मुताबिक चुनी गई। शूट स्टार्ट-टू-फिनिश शेड्यूल में पूरा किया गया ताकि कंटिन्यूटी बरकरार रहे। एक्शन के लिए बैंकॉक के मशहूर एक्शन डायरेक्टर केचा खम्फाकदी को जोड़ा गया है, जो अल्लू अर्जुन की पुष्पा और शाहरुख खान की जवान का भी हिस्सा रह चुके हैं।

# प्रलय में रणवीर संग बन सकती है आलिया की जोड़ी

साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर देने के बाद रणवीर सिंह अब अपनी अगली बड़ी फिल्म प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक... मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट रिलीज होगा और इसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि फिल्म को लेकर अभी ज्यादा ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसकी हीरोइन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ आलिया भट्ट नजर आ सकती हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में साथ काम किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जय मेहता करेंगे और फीमेल लीड सूत्रों के मुताबिक फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद आलिया हैं। म में आलिया का किरदार सिर्फ लव इंटरेस्ट तक सीमित नहीं होगा। उनका रोल कहानी का अहम हिस्सा होगा, जो एक टूटती हुई दुनिया में हीरो के विचारों को चुनौती देगा। डायरेक्टर का मानना है कि इस तरह के दमदार और एक्सपेरिमेंटल रोल के लिए आलिया से बेहतर कोई और नहीं हो सकता। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए बड़े स्तर पर सेट तैयार किए जाएंगे, जहां शहर को पुराना और वीरान दिखाने के लिए फिजिकल सेट्स के साथ एआई तकनीक का इस्तेमाल होगा।





# हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी यामी की फिल्म नई नवेली



**हिंदी सिनेमा में इन दिनों हॉरर-कॉमेडी जॉनर बॉक्स ऑफिस की सबसे मजबूत कड़ी बन चुका है। ऐसे में इस ट्रेंड से जुड़ने वालों की फेहरिस्त में यामी गौतम का नाम भी शामिल हो गया है। ओटीटी पर हाल ही में रिलीज हुई गंभीर कोर्टरूम ड्रामा फिल्म हक में दमदार परफॉर्मेंस के बाद यामी अब एक बिल्कुल अलग व हल्के-फुल्के अंदाज में आने की तैयारी कर रही हैं।**

शूटिंग फरवरी से शुरू करने की तैयारी है सूत्रों के मुताबिक, यामी को निर्देशक-निर्माता आनंद एल राय के अगले प्रोडक्शन के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म एक हॉरर-कॉमेडी होगी, जिसका टाइटल नई नवेली बताया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग इसी साल फरवरी से शुरू होने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि नई नवेली, यामी और आनंद एल राय के प्रोडक्शन हाउस कलर येलो के बीच पहला कोलैबोरेशन होगा। फिल्म की कहानी भारतीय लोककथाओं और पौराणिक मान्यताओं से प्रेरित है। इसकी स्क्रिप्ट दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। शुरुआती चर्चाओं में इसे टू-हीरोइन फिल्म बताया जा रहा था, जिसमें यामी के साथ कृति सेनन का नाम सामने आया था। हालांकि, कृति अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म की पूरी कमान यामी ही अपने कंधों पर संभालेंगी।

## बड़े स्केल पर तैयार हो रहा प्रोजेक्ट

हक जैसी गंभीर फिल्म के बाद यामी एक ऐसी कहानी की तलाश में थी, जो मनोरंजन के साथ-साथ भावनात्मक असर भी छोड़े। नई नवेली में कॉमेडी के साथ रोमांच और इमोशन्स का संतुलित मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन तमिल सिनेमा में अपनी अलग पहचान बना चुके बालाजी मोहन करेंगे, जो मारी (2015) जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं। यह फिल्म उनके हिंदी सिनेमा में डेब्यू का भी मौका होगी। आनंद एल राय बतौर निर्माता भी सुर्खियों में हैं। उनके बैनर तले बनी फिल्म तू या मैं की शूटिंग पूरी हो चुकी है। बेजॉय नांबियार निर्देशित इस फिल्म में शनाया कपूर और आदर्श गौरव हैं। रोमांस, सर्वाइवल और थ्रिल के अनोखे मिश्रण वाली यह फिल्म वैलेंटाइन डे के मौके पर 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी। हाल ही में जारी मोशन पोस्टर और टीजर अनाउंसमेंट ने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। आनंद निर्मित यह फिल्म सीधे आज के युवाओं से जुड़ती है।

## तेरे इश्क में... के बाद फिर धनुष के साथ एक फिल्म करेंगे आनंद



आनंद एल राय और धनुष की जोड़ी एक बार फिर चर्चा में है। जानकारी है कि दोनों एक भव्य पीरियड एक्शन रोमांटिक फिल्म पर मंथन कर रहे हैं, जिसे बड़े स्केल और हाई-विजुअल कैनवास पर बनाया जाएगा, हालांकि अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। जबकि उनकी नखरेवाली भी कतार में है।



राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
22 जनवरी, 2026

## जिले में 23 जनवरी 14 फरवरी तक लगेंगे खाद्य सुरक्षा लाइसेंस

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देशानुसार जिले भर में खाद्य लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले 23 जनवरी से 14 फरवरी तक खाद्य व्यापारियों के लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहे है। जिसमें खाद्य, किराना परचून, दूध विक्रेता, डेयरी चीलर होटल, रेस्टोरेंट, चाट ठेले, मिठाई विक्रेता, कैटरिंग सर्विसेज, तेल मिल, फल सब्जी विक्रेता, अनाज के थोक व खुदरा विक्रेता लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहला पहला शिविर 23 जनवरी को अग्रवाल धर्मशाला बाड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि खाद्य पदार्थ व्यापारियों को लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन करवाना खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के तहत अनिवार्य है। लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं लेने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

## जलभराव को लेकर छात्रों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सैंपऊ उपखंड के नुनहेरा गांव में जल भराव की समस्या को लेकर करन परमार के नेतृत्व में विद्यार्थी ओर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम, पटवारी और गिरदावर के साथ मौका मुहाना कर रास्ते की सफाई और 40 फुट रास्ता को साफ कराने का आदेश दिया, जो स्कूल के सामने पानी में गड्ढा भरा रहता उसकी तार बंदी कराने का आदेश दिया। लेकिन अभी पानी का निकास कहा से होगा, असमंजस की स्थिति है। एसडीएम के साथ मौके पर पटवारी गिरदावर ने ग्रामीणों के सामने पेमाइश कर जमीन को चिन्हित किया। रास्ते की स्थिति को देखते हुए उन्होंने रास्ता साफ करने का आदेश दिया। 40 फुट का रास्ता साफ़ कराया जाए ऐसा करने के लिए चार दिन का समय दिया उसी समय सेकेट्री और पटवारी के साथ मौका मुआइना किया गया और पास में गड्ढा था उसकी तारबंदी कराने का आदेश दिया लेकिन अभी पानी का निकास कहां होगा यह असमंजस में स्थिति है। करन परमार ने बताया कि यदि इस समस्या का पूर्ण रूप से समाधान नहीं हुआ तो फिर से आवाज उठाई जाएगी।

## सड़क सुरक्षा माहः अलीगढ़ बाड़ी स्लोगन प्रतियोगिता




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़ बाड़ी स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र जोशी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों को जीवन में आत्मसात् कर एक सुयोग्य नागरिक के रूप में पहचान बनाएं और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करें। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सहयोग की भावना अभी शहरों की तुलना में अधिक जीवित है। जिसका उपयोग बच्चे गुड्स सेमिरेटन बन घायल व्यक्तियों की जान बचाकर कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को राहवीर योजना के बारे में भी जानकारी दी। परिवहन निरीक्षक ने यातायात नियमों व उल्लंघन पर लगने वाले जुर्माने की विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे अपने आप को किसी से कम ना आंके, मैं खुद सरकारी विद्यालय से पढ़ा हूँ। सरकारी विद्यालय के बच्चे कहीं अधिक सामाजिक व जागरूक होते है। अपना रास्ता स्वयं बनाते है। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करते है। इस पर बच्चों ने वादा किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर वो अपने परिजनों व परिचितों को जागरूक करेंगे और राजस्थान सरकार के शून्य मृत्यु के ध्येय को प्राप्त करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक की ओर से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई ।

## खेजडी की लकड़ियों से भरी दो टैक्टर ट्रॉली जब्त



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम सिनोदिया में मंगलवार देर शाम जयपुर फलोदी मेगा हाईवे पर खंगारोत रेस्टोरेंट के समीप राज्य वृक्ष संरक्षण खेजडी की लकड़ियों से लदे दो टैक्टर ट्रॉली को जब्त किया गया है। वन विभाग के श्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार शाम गस्त के दौरान सिनोदिया गांव के समीप दो टैक्टर ट्रॉलियों में गीली खेजडी की लकड़ियां भरकर आरा मशीनों पर पहुंचाई जा रही थी। टीम ने दो टैक्टर ट्रॉलीयों व मौके पर टैक्टर ट्रॉली चालक हरपाल जीतरवाल निवासी भादवा व एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही दोनों के खिलाफ वन्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि क्षेत्र में दिनरात हरे भरे वृक्षों साथ ही संरक्षण प्राप्त खेजडी के वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। सुबह व शाम के समय गांवो के रास्ते से गीली खेजडी की लकड़ियों से भरे लदे वाहन आसपास की आरा मशीनों पर पहुंचाई जाती हैं।

# धौलपुर को कृष्णा सर्किट में शामिल करने की माँग फिर मुखर

### श्री रणछोड़ धाम विकास समिति की मासिक बैठक सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रणछोड़ धाम विकास समिति की अहम बैठक श्री राम मन्दिर परिसर पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाड़ी के समाजसेवी गोविंद सिंह ने की। वही मीटिंग के संयोजक नितिन अग्रवाल रहे। बैठक में धौलपुर के एतिहासिक तीर्थराज मचकुंड धाम को और अधिक विकसित कर श्रीकृष्ण सर्किट में शामिल करने की लंबे समय से चली आ रही मांग को मजबूत करने तथा भगवान श्रीकृष्ण की रणछोड़ लीला के प्रसार प्रसार के संदर्भ में समिति की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में समिति के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने गत वर्ष में समिति की ओर से किए गए जनजागृति कार्यक्रम, सामाजिक सहयोगात्मक कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जिस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस वर्ष भी गतिविधियों को और तेज करने की बात कही। वही समिति के कोषाध्यक्ष पवन जैन ने वार्षिक लेखा का ब्यौरा जोखा सदस्यों के समक्ष रखा। समिति ने अहम निर्णय लेते हुए सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि जनजागरण के लिए एक निर्धारित गणवेश में प्रतिमाह 01 तारीख को भगवान रणछोड़जी नगर संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह संकीर्तन यात्रा गंगा बाई की बगीची से शुरू होकर प्राचीन कालीमाई मन्दिर तक सम्पन्न होगी।जिससे आमजनों के बीच धौलपुर के गौरवशाली साँस्कृतिक श्री रणछोड़ लीला का प्रचार-प्रसार और आध्यात्मिक चेतना की जाग्रति बढ़े। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में समिति के बौद्धिक प्रमुख मानस मर्मज्ञ गोविंद मीना बाड़ी ने समिति के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने के लिए घटनायकों की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी ने सहमति जताई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मियों में रणछोड़ बाबा की प्याऊ लगातर जारी रखने की बात कही। मुकेश बंसल ने धौलपुर को कृष्णा सर्किट में शामिल किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री को पत्र लिखने का सुझाव दिया।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिनोद रावत ने बताया कि पिछले वर्ष भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत जी के नेतृत्व में केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और सिक्किम राज्यपाल ओम माथुर से मिलकर ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, जिनमें सकारात्मक आश्वासन मिले थे। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल पुनः उच्च अधिकारियों से मिलेगा और मांग को और तेज करेगा।

वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद मीना ने कहा कि रणछोड़ धाम को राष्ट्रीय स्तर का तीर्थ स्थल बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से धौलपुर 'रणछोड़ नगरी' के नाम से प्रसिद्ध हो गयी है। अब समय आ गया है कि हम इसे जनजागृति के द्वारा पर्यटन और आस्था का प्रमुख केंद्र बनाएं। वही समिति के अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक नितिन अग्रवाल ने कहा कि धौलपुर का यह पावन स्थल भगवान श्रीकृष्ण के रणछोड़ स्वरूप से जुड़ा हुआ है, जहां पौराणिक कथा के अनुसार भगवान ने कालयवन राक्षस के भय से युद्ध भूमि छोड़कर मुचकुंद राजा को दर्शन दिए थे। इस ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के बावजूद धाम को अभी तक पर्यटन मानचित्र पर पूर्ण स्थान नहीं मिल पाया है एवं समिति के प्रयासों से शुरू हुआ लाइट एंड साउंड शो भी पिछले कई महीनों से बंद होने दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक जानकारी न मिल पाए के कारण गहरी निराशा व्याप्त हो रही है एवं सरकार के करोड़ों के बजट को पलीता लग रहा है।।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि मचकुंड धाम को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत श्रीकृष्ण सर्किट में शामिल किया जाए। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। साथ ही धाम परिसर में साफ-सफाई, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महामंत्री हरीबाबू ने मीटिंग में दूर दराज से आए कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रवक्ता दुर्गाशरण दुबे ने किया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों में हरिओम बंसल, पवन जैन, अशोक कुलश्रेष्ठ, महेश मंगल , कृष्णमुरारी, भोला सर्राफ, ऋषि मित्तल, मनोज अग्रवाल, सुनील कोठारी , जगत सिंह यादव, अजीत सिंह पहाड़िया, गौरव गोयल पार्षद, अंकुर सर्राफ, जितेंद्र मंगल, अशोक पटेल, मुकेश गुर्जर, शिवांश मंगल, सात्विक महावीर के साथ स्थानीय संतों, समाजसेवियों और भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के समापन पर सभी ने भगवान रणछोड़ जी के कीर्तन और आरती के साथ मंगल कामना की।

## जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति व समीक्षा समिति की बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति व समीक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें सरकारी योजनाओं के ऋण आवेदन व सब्सिडी दावों में लंबित प्रकरणों को नियम समय सीमा में निस्तारित किया जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम युवा स्वरोजगार आदि योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी आमजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई और केन्द्र व राज्य शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए, सभी बैंकों को इस दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सुदूर क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की सभी वित्तीय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और शाखा विस्तार व मोबाइल बैंकिंग सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें। बैठक में विभिन्न बैंकों की ओर से संचालित शाखाओं एवं उनकी उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में बैंकों के ऋण-जमा अनुपात यानी सीडी रेशो में अभी भी काफी सुधार की संभावनाएं हैं। सीडी रेशो में सुधार के लिए सभी बैंक अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक ऋण आवंटित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रायोजित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लिए ऋण आवंटन में बिलकुल भी देरी नहीं होनी चाहिए। इन योजनाओं के लाभार्थियों को उदारता से ऋण दिए जाने चाहिए। नाबार्ड की एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर स्कीम में बैंक अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं की जानकारी आम किसानों तक पहुंचाएं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करना, बैंकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। इस अवसर पर नाबार्ड की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना वर्ष 2026-27 पुस्तिका का विमोचन किया गया। बैठक में कैलाशचन्द डीडीएम नाबार्ड, प्रमोद कुमार मंडल प्रमुख पीएनबी सहित विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## 1800 बच्चों को सिखाया प्राथमिक उपचार का पाठ




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन आरएसी परेड ग्राउंड पर किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय के दो दर्जन से अधिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी निभाई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों को प्राथमिक उपचार को लेकर एक साथ 1800 विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार विषय विशेषज्ञ की ओर से प्राथमिक उपचार की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए उपचार विषय विशेषज्ञ ने बताया कि प्राथमिक उपचार तभी देना जब आप उसमें पूर्ण तरह से निपुण हो। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य प्राथमिक उपचार में जिले के सभी बच्चों को पारंगत करना है। हमें पता होना चाहिए की दुर्घटना में घायल को प्राथमिक उपचार की कौन सी विधि काम आती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सीपीआर के बारे में प्रैक्टिकल रूप से जानकारी दी और बताया कि इसके माध्यम से हम किसी की जान बचा सकते है। उन्होंने बताया कि सीपीआर में 30 बार सीने पर ज़ोर से दबाएँ 100-120 प्रति मिनट की स्पीड से। उन्होंने विद्यार्थियों को सीपीआर के सात चरणों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में किसी एक व्यक्ति को सीपीआर विधि के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि परिवहन व्यक्तियों से प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा के माध्यम से प्राथमिक उपचार की जो जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है उसके परिणाम निकट भविष्य में सुखद आएंगे। समारोह के दौरान परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने विद्यार्थियों को गुड़ सेमरिटर्न व राहवीर योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी और कहा कि आप भी अच्छी मददगार बन मानव धर्म निभाएं और प्रोत्साहन राशि के भागीदार बने। इस अवसर पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूलों क़ो शिक्षा विभाग से नहीं मिली अनुदान राशि

### पानी, बिजली भुगतान अटके, ज्ञापन भेजा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने स्कूलों को दैनिकों विद्यालय संचालन को दी जाने वाली कंपोजिट, स्पोर्ट्स खेल वार्षिकोत्सव सहित अन्य अनुदान राशियां जल्द जारी करने की मांग की है। संघ के ज़िलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि वर्तमान शिक्षा सत्र के 6 महीने व्यतीत हो चुके हैं और चालू वित्तीय वर्ष में भी महज ढाई महीने का समय शेष है, लेकिन अभी तक प्रदेश के उच्च माध्यमिक स्कूलों को कंपोजिट स्कूल ग्रांट ,खेल वार्षिकोत्सव आयोजन सहित कई प्रकार की अन्य अनुदान राशियां जारी नहीं की गई है। यही नहीं प्राइमरी व मिडिल स्कूलों को भी अब तक महज 50 फ़ीसदी राशि ही जारी करने से स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का ढांचा चरमराने के हालत बन रहे हैं। संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि चालू शैक्षणिक सत्र समाप्ति की ओर है। लेकिन स्कूलों को अब तक कंपोजिट ग्रांट नहीं मिलने से पानी बिजली समाचार पत्रों के बिल चॉक- डस्टर,झाड़ू-पोछा, साबुन, स्टेशनरी, शौचालय साफ सफाई जैसी बुनियादी जरूरतों के भुगतान अटक गए हैं। मजबूरन संस्थाप्रधान और शिक्षक उधारी लेकर या शाला विकास कोष से राशि निकालकर काम चला रहे हैं। संघ ने राज्य परियोजना निदेशक से शीघ्र प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों को नामांकन के अनुसार तय स्कूल कंपोजिट ग्रांट सहित अन्य अनुदान राशियां शीघ्र जारी कराने तथा आगामी नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूआत में ही एक मुस्त सभी ग्रांट जारी कराने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। शिक्षकों पर दबाव डालकर दीपावली से पूर्व स्कूलों की रंगाई पुताई पर राशि खर्च करा दी पैसा अब तक नहीं दिया। संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग ने संस्था प्रधानों पर दबाव डालकर बिना बजट दिए दीपावली से पूर्व सभी स्कूलों की रंगाई पुताई लाइटिंग पर राशि खर्च करा दी। इस से पूर्व स्कूल खुलते ही जुलाई अगस्त छात्र नामांकन के हिसाब से पौधे खरीदने में भी राशि व्यय करा दी। अनेक शिक्षकों ने अपने वेतन से इन कार्यो पर राशि व्यय की गई। बजट नहीं मिलने से स्कूलों को नियमित खर्चों के लिए भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बची है,जबकि स्कूलों को अभी परीक्षाएं भी करानी है और स्कूलों का संचालन भी करना है।

## मोहब्बतपुरा में निशुल्क नेत्र शिविर में 117 मरीजों की जांच

### 26 मरीजों का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन




जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)** उपखण्ड क्षेत्र ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री रामाकृष्णा हॉस्पिटल और जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभूति शर्मा और डॉ. नीलम मीणा की टीम ने कुल 117 मरीजों की जांच की। इस दौरान 26 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चुना गया है। चयनित सभी 26 मरीजों का जयपुर स्थित श्री रामाकृष्णा हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। डॉक्टरों ने बताया कि इन मरीजों को ऑपरेशन के साथ-साथ चश्मा, दवाइयां, भोजन और रहने की सुविधा भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। शिविर में मरीजों के ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई, ताकि उनकी संपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति का आकलन किया जा सके। इस दौरान ग्रामीणों को आंखों की देखभाल के महत्व और समय-समय पर जांच कराने की आवश्यकता के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बताया कि शुरुआती लक्षणों में बीमारी का पता चलने पर इलाज आसान हो जाता है।

इस पहल को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और उन्होंने इसे सराहनीय बताया। नवरत्न माहेश्वरी के बताया कि , ऐसे निशुल्क शिविर गरीब और बुजुर्ग लोगों के लिए बहुत लाभकारी हैं, क्योंकि आर्थिक कारणों से निजी अस्पतालों में इलाज न करवा पाने वाले मरीजों को इन शिविरों से नई रोशनी मिलने की उम्मीद जगी है।

## तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा ब्लाक में तीन दिवसीय गैर आवासीय गणित, विज्ञान अध्यापक प्रशिक्षण की शुरुआत बालाजी कॉलेज कोटखावदा में उप मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी स्वाती कुशुवाह ने माँ शारदे की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया। प्रशिक्षण के व्यवस्थापक कैलाश चन्द शर्मा आकोड़िया ने वेदोक्त मन्त्रों से माँ शारदे का पूजन करवाया। इस मौके पर दक्ष प्रशिक्षक गोरी शंकर शर्मा, नीरज कुमार जैन, सरोज, नंदनी, शम्भू लाल ब्लाक शिक्षा कार्यालय से राजेन्द्र कुमार मीणा, आर पी व विवेक नैनीवाल उपस्थित रहे। राजेन्द्र कुमार ने सभी शिक्षको को इस प्रशिक्षण? को रुचि के साथ प्राप्त कर अपने अपने विद्यालय में जाकर बालकों को लाभान्वित करने के लिए कहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दांतिल, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.दां / निविदा / 2025-26 / 246 दिनांक : 19/1/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत दांतिल में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी व श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www. eproc. rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN = ZJP2526WSOB02172

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत दांतिल**
**पं.स. पावटा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दांतिल**
**पं.स. पावटा**

## दस दिवसीय आयुर्वेद क्षार सूत्र शिविर 26 से



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन व जिला प्रशासन आयुर्वेद विभाग सीकर के संयुक्त तत्वाधान में 10 दिवसीय निशुल्क क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन लक्ष्मणगढ़ के महावीर भवन राजकीय जिला चिकित्सालय के पास 26 जनवरी से 4 फरवरी तक लगाया जा रहा है। जिसमें पाइल्स फिशर फिस्टुला आदि गुदा रोगों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी एवं अन्य स्त्री रोग,वात रोग जैसे जोड़ों का दर्द गठिया रिंगन बाय आदि एवं समस्त प्रकार की पेट से संबंधित बीमारियां जैसे आँव का बना, एसिडिटी,गैस्ट्रिक प्रोबलम एवं अन्य सभी प्रकार की बीमारियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज किया जाएगा।शिविर में जन्म से लेकर 16 साल तक के बच्चों के लिए विशेष निशुल्क स्वर्ण प्राशन भी करवाया जाएगा जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यावश्यक है ।शिविर में पंचकर्म चिकित्सा अग्निकर्म चिकित्सा की भी विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस शिविर से संबंधित पोस्टर का विमोचन बुधवार को उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारुक अली खान, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, लक्ष्मनगढ जिला सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ अटल भास्कर ने किया एवं आमजन से इस शिविर का लाभ उठाने के लिए अपील की। इस मौके पर डॉ अरुण सैनी शिविर प्रभारी, डॉ नंद किशोर, डॉ रमेश कस्वां, डॉ बलबीर सिंह, डॉ कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

## बीदासर सीएचसी को मिली नई सफ़ाई मशीन, भामाशाह ने दी 1.62 लाख की सौग़ात



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे की राजकीय गोवर्द्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एक नई सौग़ात मिली है। भामाशाह सदीक सिलावट खजवाना वाले ने समाजसेवी संदीप सुथार की प्रेरणा से अस्पताल को सफ़ाई करने की आधुनिक मशीन भेंट की है, जिसकी लागत 1 लाख 62 हज़ार रुपए बताई जा रही है। इस अवसर पर अस्पताल प्रभारी राजेन्द्र घोसल्या ने भामाशाह सदीक सिलावट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मशीन से अस्पताल परिसर की सफ़ाई व्यवस्था और बेहतर होगी तथा मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। मशीन भेंट करने के दौरान मो. उमर, जुल्फिकार रेनीवाल, रामेश्वर छापोला, संदीप सुथार सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा। सभी ने भामाशाह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

## नितिन नवीन के अध्यक्ष बनने पर बीदासर में आतिशबाजी कर मनाया जश्न




जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर बीदासर में भाजपा शहर मंडल की ओर से जश्न मनाया गया। भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। वे भाजपा के अब तक के सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। एक सामान्य युवा कार्यकर्ता का इस शीर्ष पद तक पहुंचना पार्टी की मजबूत संगठनात्मक संरचना को दर्शाता है, जिससे देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री जैसे पदों तक पहुंच सकता है। भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अरुण तिवारी, महामंत्री गोपाल प्रजापत, ललित माली, हुक्मीचंद गुसाईवाल, बाबूलाल बेंगाणी, सहिनाथ सिद्ध, दामनल बांठिया, जुल्फिकार अली, मन्नालाल नाई, अमु तेजस्वी, मनीराम गर्ग सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पत्नी के स्त्रीधन को हड़पकर एक व्यक्ति ने दूसरी औरत को अपने घर ले आया और अब पत्नी से दो लाख रुपए व बाइक की डिमांड करने का मामला पुलिस में दर्ज हुआ है। पुलिस ने इस्तगासे के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि गांव गोपालपुरिया निवासी किरण ने न्यायालय में दायर इस्तगासे में आरोप लगाया है कि उसका पति राकेश निवासी ठठावता शराबी है। दहेज के लिए मारपीट करता है और दो लाख रुपए व बाइक की डिमांड कर रहा है। अब दूसरी औरत को पत्नी बनाकर घर ले आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर गिरधारीलाल कर रहे हैं।

### विद्यार्थी महाविद्यालय की गतिविधियों में भाग लें: सहारण

## लोहिया महाविद्यालय में सरगम, विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय में बुधवार को सरगम 2026 व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, भाजपा जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, सेवानिवृत सह आचार्य प्रो. संतकुमार थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मजु शर्मा व सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. रूपा शेखावत ने विधायक हरलाल सहारण का पुष्प गुच्छ भेंट कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. मूल चन्द, डॉ. महेन्द्र कुमार खारडिया, डॉ. सुमेर सिंह ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को नौकरियों व पंचायतीराज संस्थाओं में अवसर प्रदान करने जा रही है। अतः अधिकाधिक उपयोग कर महिलाएं समाज व देश में अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। विशिष्ट अतिथि उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने महाविद्यालय में अपने विद्यार्थी जीवन के सुनहरे पलों को याद करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि भारतीय विद्यार्थी अपनी प्रतिभाओं का लोहा विदेश में भी मनवा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस तीन दिवसीय सरगम में अपनी विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां देकर अधिकाधिक पुरस्कार प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. रूपा शेखावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बुधवार को प्रथम दिन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के तहत एकल गायन में प्रथम स्थान पर दृष्टि शर्मा तथा द्वितीय स्थान पर हर्षित सोनी रहे। फैशन वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नेहा और द्वितीय स्थान पर योगिता जांगिड़ रही। आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वरूण राजपाल व द्वितीय स्थान पर पुलकित चौधरी रहे। युगल नृत्य प्रतियोगिता प्रथम स्थान पर मोनू प्रजापत व कनिष्या तथा द्वितीय स्थान पर ममता भंवरिया व दिव्या प्रजापत रही। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. के. सी. सोनी, डॉ. मधु चौधरी, डॉ. शालिनी हेमकार, डॉ. अरविन्द शर्मा, डॉ. मूल चन्द, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. मुकेश कुमार मीणा, सुमित कुमार डाबी, रेणु धेतरवाल, उर्मिला फगेड़िया, डॉ. हरीश शर्मा व समीक्षा चौधरी ने निभाई।

## डीएलसी मैपिंग की खामियों को लेकर अभिभाषक संघ ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** पंजीयन विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर अभिभाषक संघ नीमकाथाना ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डीएलसी दरों की ऑनलाइन मैपिंग में त्रुटियों, भूमि मूल्यांकन की विसंगतियों तथा तकनीकी खामियों पर ध्यानाकर्षण कराया गया।

अभिभाषक संघ ने बताया कि नीमकाथाना पंजीयन सर्किल में डीएलसी रेट की ऑनलाइन मैपिंग गलत तरीके से की गई है। कई राजस्व गांवों के खसरे सड़क से काफी दूर स्थित होने के बावजूद उन्हें सड़क से सटे दर्शाया गया है, जिससे रजिस्ट्री के समय सड़क से लगती दरों से शुल्क वसूला जा रहा है। इससे पक्षकारों को अनावश्यक आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। संघ ने सड़क से लगे व सड़क से दूर खसरों की दरों का अलग-अलग निर्धारण किए जाने की मांग की। संघ ने शहरी व पेराफेरी क्षेत्रों में बिना भूमि रूपांतरण के 2000 वर्गमीटर तक की कृषि भूमि का मूल्यांकन आवासीय दर से किए जाने को भी नियमों के विपरीत बताते हुए संबंधित सर्कुलर में संशोधन की मांग की। इसके अलावा पंजीयन विभाग की वेबसाइट के बार-बार डाउन रहने, दस्तावेज पंजीयन में विलंब, पंजीयन संबंधी सर्कुलरों की जानकारी बार संघ को समय पर उपलब्ध नहीं होने और टू-स्टाम्प विक्रय रैप के कार्यालय समय में सुचारु रूप से कार्य न करने की समस्याएं भी उठाई गईं। अभिभाषक संघ नीमकाथाना के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के दौरान महासचिव गिरधारीलाल बागड़ी, रामसिंह गूर्जर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## विधायक कोटे से स्वीकृत 85 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांव कुसुमदेसर व भींचरी में ग्राम पंचायत व विधायक कोटे से स्वीकृत 85 लाख रुपए की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण बुधवार को किया गया। विधायक पूसाराम गोदारा व प्रशासक प्रतिनिधि पवनसिंह राठौड़ ने इन कार्या का लोकार्पण किया। राठौड़ ने बताया कि गांव भींचरी में अंबेडकर भवन व शहीद किशनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में दो कमरे तथा गांव कुसुमदेसर में खेल मैदान की चार दीवारी, सीसी ब्लॉक सड़कों, राजकीय स्कूल में एक हॉल का लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों पर लगभग 85 लाख रुपए खर्च हुए हैं, जिसमें विधायक कोटे से साढ़े 43 रुपए खर्च किए गए हैं। वहीं पंचायत ने 41 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। इसके अलावा भाजपा नेता राठौड़ की ओर से गांव कुसुमदेसर में बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिभा भी निजी खर्च पर स्थापित की गई है। इस मौके पर विधायक गोदारा ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से जनहित में करवाए गए विकास कार्यों से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। विधायक गोदारा ने गांव भींचरी में अंबेडकर भवन में एक हॉल और राजकीय स्कूल में सीसी ब्लॉक सड़क, गांव कुसुमदेसर में खेल मैदान की चार दीवारी व अंबेडकर भवन बनाने की घोषणा की। वहीं गांव फ्रांसा के ग्रामीणों की मांग पर एक स्कूल में टीनशैड विधायक कोटे से बनवाने की घोषणा की। इन कार्यों पर लगभग 60 लाख रुपए खर्च होंगे। इस मौके पर राठौड़ ने विधायक का विकास कार्य करवाने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव में विकास कार्य होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रशासक अनिता कंवर, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा, कल्याणसिंह शेखावत, राजकुमार सिहाग, रिछपाल नायक, भानीराम मेघवाल, रतनलाल मेघवाल, फकीरचंद दानोदिया मंचस्थ अतिथि रहे। खींवाराम कड़वासरा के संचालन में हुए कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## वीबी-जीरामजी अधिनियम रोजगार व ग्रामीण विकास का समन्वित मॉडलः टीटी



जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस)।** वीबी- जीरामजी अधिनियम को लेकर जिला भाजपा की ओर से बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें अधिनियम की उपलब्धियों और उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एक-दूसरे से जोड़कर देखने वाला दूरदर्शी कानून है, जिसका लक्ष्य ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि वीबी-जीरामजी अधिनियम का उद्देश्य सुनिश्चित व बेहतर आजीविका सुरक्षा देना, टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली ग्रामीण संपत्तियों का निर्माण, तकनीक आधारित पारदर्शिता के जरिए भ्रष्टाचार पर रोक, जवाबदेही के साथ सहकारी संघवाद को मजबूत करना तथा गांव स्तर की योजनाओं को राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा प्राथमिकताओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह कानून गरीब, जनजाति और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम है और विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष निहालचंद मेघवाल ने कहा कि वीबी-जीरामजी अधिनियम विकसित भारत का आईना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को सालाना 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जबकि वन क्षेत्रों में काम करने वाले एसटी कामगारों को अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा पर अब तक कुल 11.74 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जिनमें से 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए हैं। ग्रामीण गरीबी में आई कमी और बदलती जरूरतों को देखते हुए रोजगार योजना को समयानुकूल पुनर्गठित करना आवश्यक था। भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कांग्रेस पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा समाप्त नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम में रियल-टाइम डेटा अपलोड, जीपीएस व मोबाइल मॉनिटरिंग तथा एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन जैसे प्रावधान हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और सही लाभार्थियों को समय पर काम व भुगतान मिलेगा। नए कानून में जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संपत्तियों का निर्माण और खराब मौसम के प्रभाव को कम करने पर विशेष फोकस किया गया है। साथ ही बुआई व कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद रखने तथा साप्ताहिक भुगतान जैसे प्रावधान भी शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी पदाधिकारी, पूर्व जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आम रास्ते में भरे पानी से ग्रामीण परेशान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नीमकाथाना/पाटन(निस.)।** शहर के निकटवर्ती राजस्व ग्राम बोपिया के मुख्य आम रास्ते में लंबे समय से भरे पानी और मिट्टी-पत्थरों के कारण आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि हसामपुर से हरिपुरा जाने वाली डामर सड़क से ग्राम बोपिया में प्रवेश करने वाला मुख्य रास्ता बलाईयों के मोहल्ले से होकर गुजरता है, जिस पर करीब एक माह से पानी भरा हुआ है। साथ ही रास्ते में मिट्टी व पत्थर जमा होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व आमजन के लिए पैदल व वाहनों से आवागमन करना लगभग असंभव हो गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि उक्त रास्ते के उत्तर दिशा में तथा रघुवीर पुत्र माधाराम हरिजन व अनिल कुमार पुत्र अशोक कुमार हरिजन के मकानों के सामने खाली आबादी भूमि उपलब्ध है, जहां खड्डा खुदवाकर रास्ते में भरे पानी की निकासी की जा सकती है। इसके साथ ही रास्ते में पड़ी मिट्टी व मलबा हटवाने की भी मांग की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर रास्ते को सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग की है, ताकि गांव की लगभग 3500 से 4000 आबादी को राहत मिल सके।

## बागला विद्यालय में परामर्श दात्री कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित संदर्भ कक्ष में विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं व उनके अभिभावकों की मंगलवार को परामर्श दात्री कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समग्र शिक्षा की अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सरिता आत्रेय रही। विशिष्ट अतिथि एपीसी रामनिवास पूनिया व हरिप्रसाद शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य बबीता सैनी ने की। कार्यक्रम में भामाशाह व उप प्राचार्य विजयपाल धुवां की ओर से विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। कार्यक्रम में विशेष अध्यापक हवासिंह, प्रिया शेखावत, मंजू रानी, रेनू, विनोद कुमार, किरण व केयर अटेंडेंट मनीष कुमार अलवरिया ने भाग लिया। संदर्भ व्यक्ति अजय कुमार ने आंगुतकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संदर्भ व्यक्ति देवेंद्र ने किया। कार्यक्रम में विनय कुमार सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## पार्षद की भूख हड़ताल तीसरे दिन रही जारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का धरना लगातार जारी है। धरने पर भाजपा पार्षद रेंवतमल पंवार की भूख हड़ताल लगातार तीसरे दिन जारी रही। कनिष्ठ अभियंता को एपीओ किए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है। धरने पर भाजपा नेता पवन महेश्वरी, पन्नालाल सोनी, गणेश मण्डावरिया, पार्षद रेवन्तमल पंवार, हरिओम खोड, प्रेम प्रकाश स्वामी, रविन्द्र पांडे, नरेन्द्र प्रजापत, अशोक कुमार तिवाड़ी, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा, विनोद कुमार सरपटा, प्रदेश वाल्मीकी, हीरालाल तंवर, बसंत दाधीच, गोवर्धन माली, व्याख्याता हरीश ढेनवाल, संजय तेजी सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## मोहम्मद सूफियान पॉवर लिफ्टिंग में देशभर में चौथे नंबर पर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि एक विशेष योग्यता है। इसी को साबित करते हुए केजीएन रोड़ सुजानगढ़ के निवासी मोहम्मद सूफियान ने पैरा ओलंपिक में आल ऑवर इंडिया चौथा स्थान हासिल किया है। सेवानिवृत बैंककर्मी हाजी मोहम्मद के पोते और तैयब अली के पुत्र सूफियान ने हाल ही में 16 से 18 जनवरी तक उतराखंड की रूड़की में आयोजित दूसरी सब जूनियर नेशनल पेरा पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 में भाग लिया। पैरा कमेटी ऑफि इंडिया की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। यहां पर 30 किलो वजन उठाकर मोहम्मद सूफियान ने देशभर में चौथा स्थान हासिल किया। सूफियान का कहना है कि आगे चलकर वह इंटरनेशनल में खेलकर देश के लिए गोल्ड मैडल लाने की हसरत रखता है। ज्ञात रहे कि सूफियान पिछले एक वर्ष से लगातार जैवल्नि थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो का अभ्यास कर रहा है। अगस्त 2025 में जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उसने जैवल्नि थ्रो में सिल्वर, शॉट पुट में गोल्ड और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मैडल जीते थे।



## सड़क हादसे में दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गुलेरिया के पास मोटरसाइकिल सवारों को कार ने टक्कर जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। राहगीर भागीरथ की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार एम्बुलेंस चालक भरत, 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया और इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। गंभीर घायलों में सपाम, अरमान, निवासी सम्राट होटल के पीछे सुजानगढ़ शामिल हैं। इनमें से अरमान को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
22 जनवरी, 2026

## पालिका बोर्ड की बैठक बुलाने को लेकर अध्यक्ष व ईओ आमने - सामने

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा नगर पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी ने बुधवार को अध्यक्ष कक्ष में प्रेस वार्ता बुलाकर यह जानकारी दी है कि विगत छः महीनों से मण्डावा नगर पालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि चुनिंदा नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों की मांग पर उन्होंने नियमानुसार 23 जनवरी को झुंझुनूं रोङ स्थित डॉ अम्बेड़कर - भवन में नगर पालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक रखी है। नगर पालिका अधिनियम 20ह9 में वर्णित धारा 48 व 51 के प्राप्त, अधिकारों के तहत बैठक बुलाई है। इस बीच ईओ जैकीराम गोयल ने नियम 2010 के नियमों का हवाला देते हुए बताया की नियम 3 के अंतर्गत अध्यक्ष को क्षेत्राधिकार से बाहार है बैठक करना।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि हस्तांतरण आज

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरूवार को दोपहर 12 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित होगा। इस दौरान सिरोही से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सीधा प्रसारण होगा। जिला कलक्टर डॉ अरूण गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से किसान उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत पात्र किसानों को प्रति वर्ष तीन हजार रूपए की राशि देने की घोषणा की गई थी। इस योजना की पांचवी किश्त के रूप में एक हजार रुपए का हस्तांतरण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को दोपहर 12 बजे अरविंद पैवेलियन स्टेडियम, जिला सिरोही में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लाभार्थी किसानों से संवाद भी करेंगे।

### लाहोरा थे गरीबों-वंचितों की प्रभावी आवाज

# राजस्थान पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान, टॉप टेन विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मण्डावा में समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति मंडावा की ओर से मंगलवार को किशनलाल लाहोरा की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजस्थान पब्लिक स्कूल परिसर, बिसाऊ चौराहे पर आयोजित हुआ। विद्यालय में सोमवार को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। मंगलवार को पुष्पांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में अव्वल रहे टॉप टेन विद्यार्थियों को अतिथियों ने माल्यार्पण कर, नगद राशि व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में अर्पित कुलहरी, साक्षी सुनिया, प्रिंस मुण्ड, अफसरा, रामलाल, टीना जांगिड़, दक्ष बलवीर, प्रिंयल व प्रिंयाशी सैनी शामिल रहे।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि किशनलाल लाहोरा एक अनुभवी राजनेता और गरीबों व वंचितों के कल्याण की प्रभावी आवाज थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और पूरा जीवन समाजोत्थान व जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उनकी निष्ठा और जनसेवा उन्हें सदैव स्मरणीय बनाती है। कार्यक्रम में पवन कुमार, शिक्षाविद हरलाल सिंह मोगा, हेतमसर प्रधानाचार्य राजेश रणवां, भाजपा नेता संदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रायोजक कैलाश लाहोरा, पातुसर प्रधानाचार्य जीवणराम मीणा सहित लोग मंचासीन रहे। आरम्भ में अतिथियों ने लाहोरा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य अशोक मोगा, सुभाषचन्द्र मोगा, सूर्यप्रकाश लाहोरा, महावीर सिंह व मोहर सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक कैलाश लाहोरा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, स्टाफ सदस्य व नगर के नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षक शंकरसिंह पाटोदा ने किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत उंटालड
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं उंटालड / ई. नि / 2025-26/186-190 दिनांकः 16.01.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 09/2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | अटल ज्ञान केन्द्र उंटालड | 620000 | 12400 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 19.01.2026 प्रातः 09.00 बजे से 27.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 27.01.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 27.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1331 UBN No ZCR2526WSOB02304 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत उंटालड**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत उंटालड**
**पंचायत समिति बीदासर**



# कार्यालय ग्राम पंचायत गिरवरसर पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक / ग्रा.प. / खु.नि./ 2025-26 / 34-38 दिनांक :- 16.01.2026

### खुली निविदा सूचना संख्या 07 (वित्तीय वर्ष 2025-26 )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गिरवरसर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी.एस.टी.पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रुपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रुपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रुपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा करने की दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत गिरवरसर के समस्त गावों में 03 माह हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एवं पृथक्ककरण, सड़क दूकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 410490 | 8210 | 200 | दिनांक 18.1.2026 से प्रातः 096.00 बजे से दिनांक 27.1.2026 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 27.1.2026 समय 02.00 बजे | दिनांक 27.1.2026 साम 04:00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http//sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत गिरवरसर कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http//sppp. rajasthan. gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत गिरवरसर के नाम बनाना होगा ।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत गिरवरसर का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत गिरवरसर कार्यालय में जमा करावें ।

**विशेष नोटः-**

1. किसी कॉलम को खाली छोड़ने का तात्पर्य उस सूचना को शून्य माना जावेगा। फर्म के जीएसटी रजिस्ट्रेशन दिनांक 31.03.2025 तक का जी.एस.टी बिक्री कर चुकता प्रमाण पत्र आयकर विभाग के पैन कार्ड संलग्न करना आवश्यक है।
2. तकनिकी निविदा अमानत राशि का डी. डी. सभी वांछित प्रमाण-पत्र व निविदा की हस्ताक्षरित प्रति एक लिफाफे में जिस पर 'अ लिखा हो रखी जानी चाहिए।' वितीय निविदा प्रपत्र-ब' पृथक दूसरें बंद लिफाफे में रखा जाना चाहियें। 'तकनिकी निविदा प्रपत्र अ' तथा ' वितीय निविदा प्रपत्र - ब दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखें जावेगें काय का नाम सभी लिफाफों पर अंकित करे ।

NIBNO- ZCR2526A1332 UBN. is- ZCR2526SSOB02305

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गिरवरसर**
**पंचायत समिति बीदासर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत गिरवरसर**
**पंचायत समिति बीदासर**



# कार्यालय ग्राम पंचायत रेडी पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक : एफ ( ) / 25-26 / 88-92 दिनांकः 21.01.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 03 / 2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से स्वीकृत कार्यो के सम्पादन हेतु उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा आनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http// sppp. rajasthan.gov.in/. https//eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू मे) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करनें की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा बा उ प्रा वि रेडी भूरावास, तारानगर में 02 कक्षा कक्षों का निर्माण कार्य ग्राम रेडी भूरावास | 10.00 | 20000.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| 2 | राउप्रावि पिथाणा, रेडी में एक कमरा मय बरामदा निर्माण कार्य ग्राम पिथाणा ग्राम पंचायत रैडी | 7.99 | 16000.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| ऑनलाईन फार्म डाउनलोड / अपलोड करने की अंतिम दिनांक | | दिनांक 22.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे से दिनांक 28.01.2026 को सांय 06:00 बजे तक | | | | |
| निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि | | दिनांक 29.01.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक | | | | |
| ऑनलाईन निविदा खोलनें का दिनांक | | तकनिकी निविदा 29.01.2026 को समय दोपहर 01.00 बजे | | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in, पर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रेडी**
**पंचायत समिति तारानगर**



# कार्यालय ग्राम पंचायत बनियाला पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक : एफ ( ) / 25-26 / 270-75 दिनांकः 21.01.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 03 / 2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से स्वीकृत कार्यो के सम्पादन हेतु उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया द्वारा आनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http// sppp. rajasthan.gov.in/. https//eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

| क.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू मे) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फिस | कार्य पूर्ण करनें की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक भवन चार दिवारी निर्माण कार्य ग्राम भाडंग ग्राम पंचायत बनियाला पं.स. तारानगर | 20.00 | 40000.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| 2 | राउ मा वि भाडंग में एक कमरा मय बरामदा निर्माण कार्य भाडंग ग्राम पंचायत बनियाला | 7.99 | 19980.00 | 1000 | 500 | 4 माह |
| ऑनलाईन फार्म डाउनलोड / अपलोड करने की अंतिम दिनांक | | दिनांक 22.01.2026 को प्रातः 09:00 बजे से दिनांक 31.01.2026 को सांय 06:00 बजे तक | | | | |
| निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क व अन्य दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि | | दिनांक 02.02.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक | | | | |
| ऑनलाईन निविदा खोलनें का दिनांक | | तकनिकी निविदा 02.02.2026 को समय दोपहर 02.00 बजे | | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in, पर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत बनियाला**
**पंचायत समिति तारानगर**



# OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)

S.No. 173 DATE: 20-1-2026

### Notice Inviting Bid

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 28.01.2A26, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. rai.nic. in&http: //eproc.rai.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS :800000

UBN No. PKP2526WSOB00276-77

**BDO**
**P.S. PATAN**



# OFFICE OF GRAM PANCHAYAT HASAMPUR P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO. : 133 DATE : 21-01-2026

### Notice Inviting Bid

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 20-01-2026, 09:30 AM to 28-01-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 500000/-

UBN No. PKP2526WSOB00278-280

**PRASHASHAK**
**GP HASAMPUR**

**VDO**
**GP HASAMPUR**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर , गुरूवार
22 जनवरी, 2026

# 500 विद्यार्थियों का आंतरिक मूल्यांकन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.स)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों की आंतरिक परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई। परीक्षा में लगभग 500 विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने के लिए समुचित व्यवस्थाएँ की गईं। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई तथा निर्धारित नियमों व दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा संचालन किया गया। प्राचार्य विनीता चौधरी ने बताया की आंतरिक मूल्यांकन छात्रों की शैक्षणिक प्रगति को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी विद्यार्थी ईमानदारी, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहें। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने परीक्षा व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया और परीक्षा का आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# विद्यार्थियों ने देखी सीवरेज शोधन की प्रक्रिया



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत बुधवार को अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के निर्देशन में प्रिंस स्कूल, मंडावा के छात्र-छात्राओ ने सीवरेज परियोजना के तहत निर्मित परिसंपत्तियों के कार्य स्थल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, बिसाऊ रोड़ पर एक्सपोजर विजिट किया। कार्यक्रम में मैसर्स एल.एन.ए.आर एण्ड बी (जेवी) के प्लांट ऑपरेटर गजेंद्र चोपदार ने विद्यार्थियों को सीवरेज शोधन प्रक्रिया की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी। वहीं लैब केमिस्ट्री हेमराज सैनी और साइट इंजीनियर रोविन शर्मा ने विद्यार्थियों को सीवरेज कनेक्शन की प्रक्रिया से लेकर पानी के शोधन की प्रक्रिया को मानचित्र के माध्यम से विस्तार से बताया। साथ ही बताया कि उक्त प्रक्रिया को अपनाने से क्षेत्र का माहौल शुद्ध रहता है और बीमारियों से भी निजात मिलती है। कैप रुडीप के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रुहेला ने बताया कि स्वच्छता का ध्यान सभी को रखना चाहिए, हर एक जागरूक नागरिक का दायित्व बनता है कि ये आमजन को स्वच्छता के प्रति जागृत करे। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से प्रतिनिधियों व अधिकारियों से कई सवाल जवाब भी किये। उन्होंने डायरेक्टर साजिद खान व स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एसओटी सदस्य संदीप स्वामी सहित विद्यालय स्टाफ हनी सर तथा अमित सर ने विजिट को सफल बनाने में भागीदारी निभाई।

# पोल पर नहीं है हाई मास्क लाईट

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय चापटिया तलाई के पास स्थित राजकीय नवीन स्कूल के सामने वार्ड न 49 में लगी एक हाई मास्क लाईट अपनी जगह से गायब है। भाजपा नेता शिवभगवान चौहान ने बताया कि पिछले 3 महीने से मोहल्ले वासियों का कहना है इस पर लाइट नहीं है। जबकि ठेकेदार की 2 साल की गारंटी है। चौहान ने बताया कि यहां पर काफी बड़ा चौक है, इसलिए इस लाइट की जरूरत काफी ज्यादा है। चौहा ने कहा है कि नगरपरिषद प्रशासन को जल्द से जल्द यहां पर ध्यान देकर लाईट लगवाने की व्यवस्था करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान समय में यहां पर केवल पाईप का पोल खड़ा है।



# श्रमिक कल्याण योजनाओं की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** आरयूआईडीपी के तहत कार्यरत एलएंडटी कंपनी के कर्मचारियों को बुधवार को सहभागी इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ ने श्रमिक कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ई श्रमिक कार्ड के लाभ व बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्य के दौरान समुदाय को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा सीवरेज कनेक्शन के दौरान उपभोक्ता को संतुष्ट किया जाना चाहिए। कंपनी के इंजीनियर मोहम्मद सोहेब कुरैशी ने कार्य के दौरान सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्य के दौरान सुरक्षा के पूरे मापदंड अपनाने चाहिए, जिससे किसी भी प्रकार का हादसा न हो।

# तारानगर पुलिस ने एक माह में चार चोरियों का किया खुलासा

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** चोर डाल-डाल और पुलिस पात-पात की कहावत को तारानगर पुलिस टीम ने सच कर दिखाया है। बीते एक माह के भीतर हुई चार अलग-अलग चोरियों का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पुलिस ने रात्रि के समय घरों में घुसकर भैंस चोरी करने वाली संगठित गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी और कार को भी जब्त किया गया है। थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई ने बताया कि मंगलवार रात्रि को तारानगर क्षेत्र के एक प्लॉट से ताला तोड़कर अज्ञात चोर




भैंस और उसके बच्चे को चोरी कर ले गए थे। इस संबंध में थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई महेश चंद मीणा को सौंपी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम का गठन कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई। तलाशी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चोर एक छोटा हाथी और एक कार का इस्तेमाल कर भैंस व उसके बच्चे को लेकर राजगढ़ की ओर भागे हैं। इस पर राजगढ़ में नाकाबंदी करवाई गई और तारानगर पुलिस टीम तुरंत रवाना होकर मौके पर पहुंची। पिलानी पुलिया के पास पुलिस ने एक छोटा हाथी रोका, जिसमें चोरी की गई भैंस और उसका बच्चा मौजूद था। वहीं, साथ चल रही एक कार रेकी और चोरी के बाद एस्कॉर्ट का काम कर रही थी। पुलिस ने दोनों वाहनों में सवार सतीश कुमार पुत्र पूर्णचंद, प्रिन्स पुत्र पवन कुमार और अजय तंवर पुत्र सुभाष तंवर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। चोरी की गई भैंस और उसके बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त छोटा हाथी और कार को भी जब्त किया गया। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय पशु चोरी गैंग पर करारा प्रहार हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सजगता और कार्यकुशलता की सराहना करते हुए इसे कानून-व्यवस्था की दिशा में बड़ी सफलता बताया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# विधायक विक्रम सिंह जाखल का नागरिक अभिनंदन, निकाली वाहन रैली

जयपुर टाइम्स

नवलगढ़(निस)। कस्बे के टोंकछिलरी में गुरुवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। नवलगढ विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान लोहार्गल सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत, गिरधरपुरा शाहपूरा के सरपंच महेंद्र कुमार सैनी, टोंक छिलरी सरपंच प्रतिनिधि पूर्ण सिंह, परसरामपुरा सरपंच करनीराम, टोडपुरा सरपंच भंवर सिंह धींवा, पूर्व चेयरमैन जुगल किशोर सैनी, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मखन लाल सैनी, बसावा मण्डल अध्यक्ष किशन सिंह गुर्जर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवगांव सरपंच प्रतिनिधि ताराचन्द, पूर्व सरपंच बनवारीलाल कुमावत, जीएसएस अध्यक्ष रामनिवास काजला, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह शेखावत, टोंक छिलरी के उप सरपंच किशनलाल, पूर्व उपसरपंच विनोद सिंह, गिरधरपूरा के पूर्व सरपंच बनवारीलाल, शिक्षाविद नेकीराम पूनियां, बाबुलाल मेघवाल, गोपेश कुमार, गोरधन सिंह व सुमेर सिंह पीटीआई बतौर मंचस्थ अतिथि रहे।



ग्रामीणों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का नागरिक अभिनंदन किया। वही ग्रामीणों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि बदले की भावना से कम न करके आपसी प्रेम से कार्य करेंगे। सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ में कार्य करेंगे। हमारी शेखावाटी की पहचान पूरे देश है। कड़ी से कड़ी जुड़ेगी तो विकास के कार्यो में भी तेजी आयेगी। ग्रामवासियों ने टोंक छिलरी के मूख्य स्टेण्ड से गौगाजी मंदिर तक वाहन रैली भी निकाली गई। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में 23 जनवरी से शुरू हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को फायदा हो इसके लिए संबंधित अधिकारी पूर्ण तैयारी कर ले, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को लाभान्वित किया जा चुकें। जिला कलक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बुधवार को कलेक्टेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की ओर से कृषकों व पशुपालकों को केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ उठाने के उद्देश्य से राज्य में प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर प्रथम चरण 23, 24, 25 व 31 जनवरी, द्वितीय चरण 1 व 5-9 फरवरी को प्रत्येक गिरदावर वृत पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन होगे। जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली मेगा पीटीएम के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले की बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यो को भी नियमानुसार त्वरित गति से पूर्ण करने के प्रयास की बात कही। जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान चिकित्सा, सड़क सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों से चर्चा की।

# साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

## म्यूल अकाउंट्स से तीन करोड़ से अधिक के लेनदेन का खुलासा, बलेनो कार जब्त

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** जिला पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बलेनो कार जब्त की है। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के म्यूल/किराये के खातों के जरिए करीब तीन करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है। आरोपियों के खिलाफ राजस्थान सहित पांच राज्यों में 12 से





अधिक साइबर शिकायतें दर्ज होना सामने आया है। पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर ठगी से प्राप्त राशि से BITGET, KUKOIN, BINANCE और TRUST WALLET जैसे प्लेटफॉर्म पर विदेशी डिजिटल करेंसी खरीदते थे। इसके बाद म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से भारतीय रुपये में कन्वर्जन कर निकासी करते थे। खातों में हुए लेनदेन की विस्तृत जांच जारी है। यह कार्रवाई बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) देवेंद्र सिंह राजावत आरपीएस के मार्गदर्शन तथा वृताधिकारी नवलगढ़ महावीर सिंह आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी नवलगढ़ के नेतृत्व में की गई। 18 जनवरी को साइबर अभियान के दौरान 1930 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर म्यूल अकाउंट्स पर कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड का खुलासा किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों–अवधेश शर्मा (32) निवासी चूड़ी चतरपुरा, थाना मुकंदगढ़, जिला झुंझुनू तथा दीपक (25) निवासी छपार जोगियान, थाना तोसाम, जिला भिवानी (हरियाणा)–को गिरफ्तार कर पीसी रिमांड पर पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवाया। जांच में एक दर्जन से अधिक खातों में अवैध लेनदेन की पड़ताल जारी है।

# मानवता की मिसाल बना सेवा का महाकुंभ, कंबल वितरण व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** मानवता सेवा और परोपकार की भावना को साकार करते हुए परम पिता शाह सतनाम जी महाराज के पवित्र एमएसजी अवतार महीने के उपलक्ष्य में पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा से सेवा का महाकुंभ निरंतर जारी है। इस महाकुंभ के अंतर्गत जरूरतमंदों की सहायता, रोगियों का निःशुल्क उपचार और समाज सुधार के कार्य बड़े स्तर पर किए जा रहे हैं। विशेष बात यह है कि पूज्य गुरु जी स्वयं प्रतिदिन इन सेवा कार्यों में सहभागिता कर साध-संगत को भी इंसानियत भलाई के कार्यों के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बुधवार को भी पूज्य गुरु जी की ओर से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए वहीं शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में चल रहे विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों की श्रृंखला में बच्चों के रोगों से संबंधित विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में देश के अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की विभिन्न बीमारियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया। बच्चों के रोग



संबंधी शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राकेश जाखड़, डॉ. अमन मैहता, डॉ. गौरव गोयल सहित शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल से बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन मोहन ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त आयुर्वेदिक शिविर के अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में मरीजों ने उपचार का लाभ उठाया। पूजनीय माता आस कौर जी आयुर्वेदिक अस्पताल सिरसा से वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. अजय गोपलानी, डॉ. मीना गोपलानी, डॉ. कुलदीप शर्मा इन्सां, डॉ. शशिकांत इन्सां, डॉ. संगीता इन्सां, डॉ. मुनीष इन्सां के साथ मेडिकल ऑफिसर डॉ. जगवीर, डॉ. सिमरन व डॉ. दीपिका ने मरीजों की जांच कर उपचार संबंधी जानकारी दी। शिविर में पोडिकिड़ी, पुटपाक, वमन, शिरोधारा, नस्य, उदवर्तन, कटिवस्ति, अभ्यंग, सूत्रनेति व जलनेति जैसी आयुर्वेदिक पद्धतियों से उपचार किया गया। वहीं 31 जनवरी तक चलने वाले नेचुरोपैथी (प्राकृतिक चिकित्सा) शिविर में भी बुधवार को अनेक मरीज उपचार के लिए पहुंचे। डॉ. रवि, डॉ. विजोय, डॉ. रूपेश व डॉ. नंदिनी की टीम की ओर से बैक पेन, नेक पेन, मोटापा, शुगर, ब्लड प्रेशर, घुटनों की समस्या व त्वचा रोगों का प्राकृतिक पद्धति से उपचार किया गया। इन शिविरों के जरिए मरीजों को प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। सेवा, स्वास्थ्य और सुधार को केंद्र में रखकर डेरा सच्चा सौदा की ओर से संचालित ये जनकल्याणकारी प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में उभर रहे हैं।

# एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन (निंस.)** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय पाटन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को किया गया। अंतिम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वरुचि भोज का आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुमार सबल ने विद्यार्थियों को समाज सेवा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी किरण यादव ने बताया कि स्वरुचि भोज के माध्यम से विद्यार्थियों में सहयोग, आत्मनिर्भरता व सामूहिकता की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही छात्राओं के लिए लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक आचार्य ज्योति शर्मा ने किया। अंत में सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की गई। महाविद्यालय प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।


## नाम परिवर्तन

मैं घनश्याम मेघवाल पुत्र श्री लालाराम, निवासी पारेवड़ा, तहसील बीदासर का निवासी हूं। मेरे सभी शैक्षणिक व सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम घनश्याम मेघवाल (GHANSHYAM MEGHWAL) दर्ज है, जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या P3172195 में मेरा नाम केवल घनश्याम (GHANSHYAM) अंकित है।
अतः निवेदन है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम संशोधित कर सही नाम दर्ज करे।

## कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांक :- न.प. सु. / भूमि शाखा/2026/10789 दिनांक 21-01-2026

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69 - क के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री बसंत कुमार बोरड़ पुत्र श्री विजय सिंह बोरड़ | सुजानगढ़ | वार्ड न. 27, डागा मार्ग | 453.35 वर्गमीटर | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

## कार्यालय पवन कुमार प्रजापत, एडवोकेट, रतनगढ़ जिला चूरू (राज0)

मो.नं. 8094901189

दिनाक:- 12/01/2026

### सार्वजनिक सूचना

मेरे मुव्वकिल चौथाराम उम्र 43 वर्ष पुत्र नानूराम प्रजापति निवासी सिमसिया बिदावतान तहसील राजलदेसर के निर्देशानुसार हर खास व आम को सूचित करता हूं कि मेरे मुव्वकिल के दो पुत्री संजू पजापत व द्रोपती प्रजापत व दो पुत्र कृष्ण व रामस्वरूप है, उक्त चारो ही अविवाहित थे। मेरी दोनो ही पुत्रिया संजू प्रजापत व द्रोपती प्रजापत बिना बताये ही मेरे मुव्वकिल घर से निकल गई थी जिनकी गुमशुदी रिपोर्ट भी पुलिस थाना राजलदेसर में दर्ज करवाई हुई है, जो आज तक वापिस नहीं आई है। इसलिये मेरा मुव्वकिल अपनी दोनो पुत्रीयो संजू प्रजापत व द्रोपती प्रजापत को अपनी स्वपार्जित एवं पैतृक सम्पति से बेदखल कर दिया है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति मेरे मुव्वकिल की दोनो पुत्रीयो संजू प्रजापत व द्रोपती प्रजापत से नगद राशि अथवा सम्पतियो बावत संव्यवहार नहीं करे, अन्यथा उन सब दायित्वो की सम्पूर्ण जुम्मेवारी संबंधित पक्ष की होगी। जिसके लिये मेरा मुव्वकिल व उनके परिवार का कोई निकटतम सदस्य उक्त मेरे मुव्वकिल की पुत्रीयो संजू प्रजापत व द्रोपती प्रजापत के कृत्यों के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही होगे।

भवदीय,
(पवन कुमार प्रजापत )
एडवोकेट
रतनगढ़ (चूरू)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2679-2693 Date - 13.01.2026

### NOTICE INVITING BID

Bids for Nit no 45/2025-26 Re-upgradation of new ACE project office churu region Churu under CBP subdivision churu and Nit no 46/2025-26 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at various WSS under CBP Sub Div churu are invited form interested bidders upto 22-01-2026 (15:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http:// sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 45/2025-26 Rs. 04.27 Lacs. and 46/2025-26 Rs. 03.00 Lacs

UBN No. PHE 2526WSOB20770 RS 04.27 Lacs
UBN No. PHE 2526WSRC20771 RS 03.00 Lacs

DIPR/C/1042/2026

Executive Engineer,
PHED Division Churu